Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 217 | शुक्रवार, 08 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 882.87 करोड़ से पूरी होगी परियोजना

# शाह आज बिहार में सीता जन्मस्थली के विकास की आधारशिला रखेंगे

**पटना।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को बिहार के सीतामढ़ी जिले के पुनौराधाम में जानकी मंदिर के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे। इसे देवी सीता का जन्मस्थान माना जाता है। परियोजना के शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, कई केंद्रीय मंत्री और अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे। इसके अलावा, शाह सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाएंगे। इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पवित्र स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर कनेक्टिविटी के लिए मंजूरी दी थी। शाह ने सोशल मीडिया पर लिखा, कल पूरे देश के लिए और विशेषकर मिथिलांचल के लिए अत्यंत शुभ और आनंदमय दिन है, जब बिहार के सीतामढ़ी में माता सीता की जन्मस्थली पर पवित्र पुनौरा धाम मंदिर और उसके परिसर के व्यापक विकास योजना की आधारशिला रखी जाएगी। इससे पहले, जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने बताया था कि मंत्रोच्चार के बीच 67 एकड़ में फैले मंदिर के पुनर्विकास की आधारशिला रखी जाएगी। राज्य पर्यटन विभाग ने परियोजना की तैयारी शुरू कर दी है। इसके 11 महीनों में पूरा होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि गृह मंत्री शुक्रवार सुबह दरभंगा पहुंचेंगे और वहां से सीतामढ़ी के लिए रवाना होंगे। राज्य मंत्रिमंडल ने 1 जुलाई को मंदिर परिसर के एकीकृत विकास के लिए 882.87 करोड़ रुपये मंजूर किए थे।

बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम (बीएसटीडीसी) परियोजना का क्रियान्वयन करेगा। उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने मंदिर निर्माण और पुनर्विकास के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय ट्रस्ट का गठन किया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या की तर्ज पर व्यापक विकास किया जाएगा। वहीं, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 अगस्त को गयाजी जाएंगे, जहां वे एक जनसभा को संबोधित करने के अलावा कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे।



## विपक्ष के हंगामे के बीच मणिपुर विनियोग विधेयक पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर गतिरोध के बीच गुरुवार को दो बिल पारित हुए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हंगामे के बीच मणिपुर माल एवं सेवाकर (संशोधन) विधेयक 2025 और वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विनियोग विधेयक पेश किया। हंगामे के बीच ही दोनों विधेयक बिना चर्चा के ध्वनिमत से पारित हो गए। इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मणिपुर के लिए सुरक्षा से लेकर पुनर्वास तक आवंटित की जा रही धनराशि के संबंध में जानकारी दी और विपक्षी दलों पर निशाना भी साधा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मणिपुर में पुनर्वास के लिए 543 करोड़ रुपये आवंटित किए जा रहे हैं। उन्होंने सुरक्षा के लिए 542 करोड़, सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स की तैनाती के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि दीर्घकालिक सार्वजनिक वित्त के लिए भी 643 करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं।

## || सार संक्षेप

### जस्टिस प्रशांत कुमार मामले में सुप्रीम फैसले के खिलाफ फुल बेंच की मांग

**नई दिल्ली।**

इलाहाबाद हाईकोर्ट के कम से कम 13 जजों ने जस्टिस प्रशांत कुमार के मामले में सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के खिलाफ फुल कोर्ट की बैठक बुलाने के लिए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अरुण भंसाली को पत्र लिखा है। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को जस्टिस प्रशांत कुमार के मामले में फिर से सुनवाई करने जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने 4 अगस्त को जारी एक कठोर निर्देश में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस भंसाली से कहा था कि जस्टिस कुमार को उनकी सेवानिवृत्ति तक आपराधिक मामले सुनने वाले रोस्टर से हटा दिया जाए। यह भी कहा गया था कि उन्हें हाईकोर्ट के किसी अनुभवी जज के साथ खंडपीठ में बिठाया जाए। जस्टिस कुमार के खिलाफ यह निर्देश और तीखी टिप्पणियां उनके द्वारा दीवानी मामले में आपराधिक प्रक्रिया अपनाने संबंधी फैसले के कारण की गई थी।



### 'आसाराम बापू की हालत गंभीर'

**अहमदाबाद।**

गुजरात हाई कोर्ट ने सजायाफ्ता आसाराम की अस्थायी जमानत गुरुवार को 21 अगस्त तक बढ़ा दी। उसे गांधीनगर की एक अदालत ने 2013 के दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायमूर्ति इलेश वोरा और न्यायमूर्ति पीएम रावल की पीठ ने चिकित्सा आधार पर आसाराम की अस्थायी जमानत 21 अगस्त तक बढ़ा दी। पीठ ने कहा कि आसाराम एक निजी अस्पताल के आइसीयू में भर्ती है और उसकी स्वास्थ्य स्थिति गंभीर है। अदालत ने आसाराम को तीसरी बार अस्थायी जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट द्वारा 30 जुलाई को पारित आदेश का उल्लेख किया, जिसमें उसे मुख्य रूप से सेहत के आधार पर अस्थायी जमानत की मियाद बढ़ाने के लिए हाई कोर्ट का रुख करने की छूट दी गई थी। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, कि याचिकाकर्ता फिलहाल इंदौर के जुपिटर अस्पताल के आइसीयू में है और चिकित्सा रिपोर्ट के अनुसार, उसमें ट्रोपोनिन का स्तर बहुत अधिक पाया गया है। इलाज कर रहे चिकित्सक का कहना है कि उसकी हालत गंभीर है। ऐसी परिस्थितियों में इस आवेदन के लंबित रहने तक पूर्व में दी गई अस्थायी जमानत उन्हीं शर्तों पर 21 अगस्त तक बढ़ाई जाती है। इससे पहले अदालत ने उसे सात जुलाई तक अंतरिम राहत दी थी और फिर एक महीने के लिए यह राहत बढ़ा दी थी।



## 'उदयपुर फाइल्स' आज होगी रिलीज




**उदयपुर।**

कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित फिल्म उदयपुर फाइल्स शुक्रवार को देशभर के 4500 सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। उदयपुर में यह फिल्म सेलिब्रेशन मॉल, अरबन स्क्वायर और लेक सिटी मॉल के एक-एक शो में प्रदर्शित की जाएगी। फिल्म को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं। कन्हैयालाल के बेटे यश तेली ने बताया कि वे परिवार सहित मूवी देखने जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में उनके पिता की तालिबानी तरीके से की गई हत्या और उससे जुड़े पूरे घटनाक्रम को दिखाया गया है। उन्होंने लोगों से भी फिल्म देखने की अपील की।

## इस्राइल भारत के साथ

# नेतन्याहू बोले- एशिया में वह भरोसेमंद साझेदार, समाधान दोनों देशों के हित में

**नई दिल्ली।**

अमेरिका और भारत के बीच टैरिफ को लेकर चल रहे विवाद के बीच इस्राइल ने खुलकर भारत का समर्थन किया है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि भारत एशिया में एक मजबूत और भरोसेमंद साझेदार है। नेतन्याहू ने उम्मीद जताई कि अमेरिका और भारत के बीच जो भी मौजूदा मतभेद हैं, वे जल्द ही सुलझ जाएंगे। नेतन्याहू ने बृहस्पतिवार को यरुशलम स्थित अपने कार्यालय में इस्राइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, बैठक में सुरक्षा और आर्थिक मुद्दों पर भी विस्तार से बातचीत हुई। अमेरिका-भारत टैरिफ विवाद पर नेतन्याहू ने कहा, भारत और अमेरिका दो बेहतरीन दोस्त हैं। दोनों देशों के बीच इतनी गहरी दोस्ती है कि किसी भी समस्या का हल आसानी से निकाला जा सकता है। टैरिफ मुद्दे का समाधान दोनों देशों के हित में होगा। नेतन्याहू ने कहा, मैं जल्द ही भारत आना चाहूंगा। नेतन्याहू ने कहा कि इस्राइल गाजा पर कब्जा नहीं करना चाहता और उसका एकमात्र उद्देश्य हमास को नष्ट करना और इस पट्टी को एक अस्थायी सरकार को सौंपना है।



## यूएस व्यापार संघ ने ट्रंप को दी चेतावनी

# अमेरिकियों की रसोई पर भी पड़ेगा भारत पर टैरिफ का असर

**वाशिंगटन।** भारतीय वस्तुओं पर नए टैरिफ का असर अमेरिकियों की रसोई पर भी पड़ेगा। वजह यह है कि नए टैरिफ से भारत से आयात होने वाले मसाले महंगे हो जाएंगे जिससे खाने की लागत बढ़ जाएगी। एक व्यापार संघ ने बुधवार को चेतावनी दी कि घरों की रसोइयों, रेस्टोरेंट एवं बड़े निमार्ताओं द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले कई मसाले भारत से आयात किए जाते हैं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ से लागत बढ़ सकती है। अमेरिकी कृषि विभाग के अनुसार, पिछले वर्ष अमेरिका ने भारत से 41 करोड़ डॉलर से ज्यादा के मसाले आयात किए थे। अमेरिकन स्पाइस ट्रेड एसोसिएशन की कार्यकारी निदेशक लारा शुमो ने एक बयान में कहा कि दालचीनी, काली मिर्च, जायफल और लौंग सहित कई जरूरी मसालों को उष्णकटिबंधीय (ट्रोपिकल) जलवायु की आवश्यकता होती है और इसलिए मांग पूरी करने के लिए इन्हें बड़े पैमाने पर अमेरिका में नहीं उगाया जा सकता। जून के अंत में 'मैककार्मिक' के अधिकारियों ने चेतावनी दी थी कि ट्रंप की टैरिफ नीति से मसाला कंपनी को सालाना नौ करोड़ डालर का नुकसान हो सकता है। शुमो ने कहा, "इन उत्पादों पर टैरिफ (इसमें इस सप्ताह घोषित अतिरिक्त नए टैरिफ भी शामिल हैं) अमेरिकी उत्पादन को प्रोत्साहित नहीं करते या अमेरिकी रोजगार पैदा नहीं करते। इसके बजाय ये अमेरिकी खाद्य निमार्ताओं, रेस्टोरेंट और अंततः अमेरिकी उपभोक्ताओं पर अनुचित वित्तीय बोझ डालते हैं।"




ट्रंप के इस टैरिफ के बाद भारत एशिया में अमेरिका का सबसे ज्यादा टैरिफ का सामना करने वाला व्यापारिक साझेदार बन गया है। टैरिफ के मामले में भारत और ब्राजील बराबरी पर खड़े हैं। दोनों ही देश भारी टैरिफ का सामना कर रहे हैं। ट्रंप के नए टैरिफ के ऐलान के बाद ज्यादातर भारतीय निर्यातकों का कहना है कि वे मुश्किल से 10-15% की वृद्धि को झेल पाएंगे, 50% टैरिफ उनकी क्षमता से बहुत ज्यादा है। पीएम मोदी के चीन दौरे से पहले ट्रंप के टैरिफ के फैसले पर अब चीन ने भी कड़ी नाराजगी जाहिर की है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भारत सहित अन्य सभी देशों पर ट्रंप के टैरिफ लगाए जाने की आलोचना करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन बताया है।

## रशियन लड़की ने भारतीय दोस्त के साथ गाई कन्नड़ भाषा की कविता

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इसमें एक रूसी बच्ची अपनी भारतीय दोस्त के साथ कन्नड़ भाषा की एक लोकप्रिय कविता गा रही है। इस वीडियो को रूसी बच्ची की मां ने सोशल मीडिया पर शेयर किया था। देखते ही देखते यह वायरल हो गया। यह परिवार 2022 में रूस से भारत आया था। यहां रूसी बच्ची की दोस्ती एक स्थानीय बच्ची से हुई।

## इस साल विमानों में तकनीकी दिक्कतों के 190 मामले सामने आए

**नई दिल्ली।**

सरकार ने गुरुवार को लोकसभा को बताया कि एयरलाइन कंपनियों ने इस वर्ष 21 जुलाई तक विमानों में तकनीकी दिक्कतों की 190 मामलों सूचना दी है। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने लोकसभा में लिखित उत्तर में कहा कि विमानों में तकनीकी समस्याएं विमान के सिस्टम, सहायक उपकरणों के ठीक से कार्य न करने या खराबी के कारण हो सकती हैं। विमान के उड़ान भरने से पहले सभी समस्याओं को ठीक करने की जिम्मेदारी एयरलाइनों की होती है। मंत्री द्वारा साझा किए गए डाटा के अनुसार, इस वर्ष 21 जुलाई तक एयरलाइन कंपनियों ने 190 तकनीकी दिक्कतों की सूचना दी है, जबकि 2024 में यह संख्या 421 थी। अन्य प्रश्न उत्तर में मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान देश के विभिन्न हवाईअड्डों के विकास, उन्नयन, आधुनिकीकरण पर 96,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किया गया है। अन्य प्रश्न के उत्तर में मोहोल ने कहा कि इस वर्ष नियामक और भू-राजनीतिक मुद्दों के कारण एयरलाइन कंपनियों ने 2,458 उड़ानें रद्द या पुनर्निर्धारित की हैं। इंडिगो और एअर इंडिया ने क्रमशः 1,017 और 662 उड़ानें रद्द या पुनर्निर्धारित कीं। स्पाइसजेट ने 334, एअर इंडिया एक्सप्रेस ने 427 और अकासा एयर ने 18 उड़ानें रद्द या पुनर्निर्धारित कीं।



# दिल्ली से यूपी तक दिखेगा बारिश का रौद्र रूप

**नई दिल्ली।**

दिल्ली-यूपी समेत समूचे उत्तर भारत में मानसून एक्टिव है। मैदानी इलाकों से लेकर पहाड़ों तक बारिश ने कहर ढहा रखा है। उत्तराखंड में बादल फटने से व्यापक पैमाने पर तबाही मची है। वहीं, हिमाचल प्रदेश को लेकर भी मौसम विभाग न अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में आज गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपने ताजा अपडेट में बताया कि शुक्रवार को उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी से अति भारी बारिश की संभावना है। वहीं, विभाग का कहना है कि इसके बाद बारिश में कमी देखी जा सकेगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग की मौसम रिपोर्ट के अनुसार, कर्नाटक के बेंगलुरु ग्रामीण, तुमकुर, चित्रदुर्ग, दावणगेरे, कोप्पल, बागलकोट, बेलगाम आदि में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कई इलाकों में बाढ़ का प्रकोप है। प्रयागराज में तो घरों में बाढ़ का पानी घुस गया है। आईएमडी ने बताया कि अगले सात दिनों के दौरान पूर्वोत्तर में भी बारिश का दौर देखने को मिल सकता है। विभाग के अनुसार, आठ अगस्त से अरुणाचल प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश देखने को मिल सकती है।

उत्तराखंड में भूस्खलन की चेतावनी जारी



## संपादक की कलम से

# ट्रंप का तुगलकी टैरिफ

यह अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की कुंठा और हताशा हो सकती है। वह छह माह के कार्यकाल के बावजूद रूस–यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने में नाकाम रहे हैं। हालांकि उनका चुनावी दावा था कि राष्ट्रपति बनने के 24 घंटे में ही वह युद्ध रुकवा देंगे। रूस के राष्ट्रपति पुतिन पर भी उन्होंने कई टिप्पणियां की हैं, लेकिन पुतिन ट्रंप को लेकर बेपरवाह हैं। रूस पर ढेरों पाबंदियों के बावजूद अमरीका, रूस के साथ, व्यापार कर रहा है। अमरीका यूरेनियम और रसायनों का इतना बड़ा खरीददार है कि जून, 2025 में 3489 करोड़ रुपए का रूसी सामान खरीदा है। अमरीका के अलावा, चीन और तुर्किये भी रूस के साथ अच्छा–खासा व्यापार कर रहे हैं। चीन पर तो 30 फीसदी का ही टैरिफ अमरीका ने लगाया है। अमरीका का गुस्सा और उसकी खीझ उन देशों के प्रति क्यों नहीं है? राष्ट्रपति ट्रंप अचानक भारत के दोस्त के बजाय अशिष्ट क्यों बन गए हैं? उन्होंने भारत के उत्पादों पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ थोपने का कार्यकारी आदेश जारी किया है। हालांकि यह 25 फीसदी टैरिफ 21 दिनों के बाद लागू होगा। अमरीका ने भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ थोप दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने जुमार्ने और प्रतिबंधों की बात भी कही है। आखिर निर्णय क्या रहता है, यह उनकी तुगलकी सोच पर आश्रित करता है, क्योंकि ट्रंप तुगलक की तरह बदलते रहते हैं। बहरहाल राष्ट्रपति ट्रंप की रणनीति यह है कि यदि रूसी तेल के राजस्व को तोड़ दिया जाए, तो रूस को युद्ध समाप्त करने को विवश होना पड़ेगा। यह सोच ही कुंठित और अर्द्धसत्य की है, क्योंकि रूस को अमरीका से जो राजस्व मिल रहा है, क्या राष्ट्रपति पुतिन उसे तिजौरी में सजा कर रखेंगे? दरअसल अमरीका को भारत एक आसान निशाना लगता है, लेकिन भारत ने 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ बढ़ाने के आदेश को गलत, अतार्किक और दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। भारत ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि रूस के साथ तेल और हथियारों के व्यापार जारी रहेंगे, लेकिन अमरीका के साथ रणनीतिक साझेदारी पर कोई संकट नहीं मंडराएगा। भारत की यह विनम्र नीति भी उचित नहीं है। अमरीका ने चीन पर जब 145 फीसदी का टैरिफ घोषित किया था, तो चीन ने पलटवार में प्रतिक्रिया जताई थी, नतीजतन राष्ट्रपति ट्रंप की हवा निकल गई थी। अंतत: उन्होंने टैरिफ 30 फीसदी तक लुढका दिया। यह भारत के साथ भी संभव है, यदि भारत कुछ कड़ा कदम उठाए और व्यापार समझौते को फिलहाल लटका दे। इन स्थितियों में द्विपक्षीय व्यापार समझौता संभव भी नहीं है। अमरीकी राष्ट्रपति फिलहाल बदहवासी मनोस्थिति में लगते हैं। यदि भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लागू कर दिया जाता है, तो भारत पर 3 लाख करोड़ रुपए का टैरिफ बढ़ेगा। हालांकि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर बहुत कम असर पड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और प्रमुख आर्थिक एजेंसियों के आकलन हैं कि 2025–26 के दौरान भारत की आर्थिक विकास दर करीब 6.5 फीसदी रहेगी, जो विश्व में सर्वाधिक होगी। भारत की तरफ से कपड़ा, ऑटो, समुद्री उत्पाद, हीरा, सोना, मशीनरी, इस्पात–एल्युमीनियम, सिले हुए कपड़े आदि क्षेत्रों में निर्यात अमरीका को किया जाता रहा है। अमरीका में 47 फीसदी जेनेरिक दवाएं भारत से जाती हैं। फिलहाल उन पर कोई टैरिफ नहीं है, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप ने धमकी–सी दी है कि आने वाले एक–डेढ़ साल में दवाओं पर 150 फीसदी तक टैरिफ लगाया जाएगा। प्रभावित क्षेत्रों में करोड़ों लोग काम करते हैं।



ललित शर्मा
संपादक

## उदय किशोर साह



### आहार से विचार

कविता

जैसा आहार वैसा तेरा होगा विचार
विचार से बनता है मानव का व्यवहार
जीवन पद्धति का है यह सहचार
बदला बदला लगेगा यह संसार

तामसी खाना और तामसी बन जाना
राक्षसी प्रवृति का सुर है दोहराना
निशाचरी का काम में जीवन को खपाना
दिन के उजाले में अपना मुँह है छुपाना

आते जाते राही को करना। तुँ परेशान
नारी के लिये बन जाना फिर शैतान
इन्सानियत के नाम पे बन जाना बेईमान
जो जी में आये करना सीना को तान

कानून का जब खौफ ना तुम्हें लागे
पुलिस की डर से छिपोगे तब भागे भागे
आम जनता की जब बरसेगा पीठ पे डंडा
पापी बन जाना तब ले कलंक का फंडा

इसलिये शाकाहारी आहार को अपनाना
पापी से भले मानस सब बन कर दिखलाना
जग वाले तब लगेगा प्यार का गहरा समंदर
अच्छे दिखेगा जब चेहरा भी हो तेरा बन्दर

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## रक्षाबंधन 9 अगस्त 2025

# भारतीय सांस्कृतिक विरासत का वैश्विक उत्सव और भाई-बहन के अटूट बंधन का प्रतीक



गोंदिया

*भारत में वर्ष 1959 में रिलीज हुई हिंदी फीचर फिल्म छोटी बहन का गीत, भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना और 1971 में रिलीज हुई फिल्म बेईमानका गीत ये राखी बंधन है ऐसा, जैसे गीतों को सुने बिना रक्षाबंधन का त्योहार अधूरा सा लगता है। यही कारण है कि हमें पिछले एक सप्ताह से राखी व अन्य बाजारों में रौनक के साथ उपरोक्त दोनों गीतों सहित अनेक रक्षाबंधन के गीत सुनाई दे रहे हैं, जो दशकों पूर्व के हैं परंतु आज भी ध्यान आकर्षित करते हैं, क्योंकि यह रक्षाबंधन त्योहार ही ऐसा है कि भाई बहन की डोर से रिश्तो में अटल मजबूती आ जाती है। भारत विविधताओं का देश है, जहां प्रत्येक क्षेत्र, धर्म और परंपरा में त्योहारों का विशेष स्थान है।*

इन त्योहारों का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं होता, बल्कि यह समाज में आपसी प्रेम, एकता, सामूहिक चेतना और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने का कार्य भी करते हैं। इन्हीं पावन पर्वों में से एक अत्यंत महत्वपूर्ण और लोकप्रिय त्योहार है ₹रक्षाबंधन₹,जिसे आम भाषा में ₹राखी₹ भी कहा जाता है।रक्षाबंधन, भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का पवित्र पर्व, इस साल 9 अगस्त 2025 को असाधारण रूप से खास है।

साथियों बात अगर हम इस वर्ष राखी उत्सव की करें तो श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह त्योहार इस बार 95 साल बाद एक दुर्लभ ज्योतिषीय संयोग के साथ आ रहा है, जो इसे ऐतिहासिक और आध्यात्मिक रूप से विशेष बनाता है। सौभाग्य योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, और श्रवण नक्षत्र का संयोग इस दिन को समृद्धि, सुख, और आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक बनाता है। इसके अलावा, इस बार भद्रा का साया भी नहीं रहेगा, जिससे राखी बांधने का समय और भी शुभ हो गया है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र मेरा व्यक्तिगत मानना है कि आज की नई युवा पीढ़ी या नई यंग जनरेशन को हमारे हर भारतीय त्योहारों का महत्व समझाने की अति आवश्यकता है, क्योंकि मैं देख रहा हूं कि युवाओं के हृदय में आज त्योहारों के प्रति वह भाव नहीं दिख रहें हैं जो दशकों पूर्व के युवाओं में देखे थे जो आज बूढ़े हो चुके हैं।यानें वर्तमान डिजिटल युग में हमारे युवा, त्योहारों की मयार्दा व गरिमा को कुछ हद तक भूलते जा रहे हैं, क्योंकि आज जमाना आ गया है सब कुछ ऑनलाइन होता जा रहा है, जबकि मेरा मानना है कि सभी त्योहारों को हमारी भारतीय संस्कृति मुहूर्त बेला से करना चाहिए। वैसे भी इस बार रक्षाबंधन राखी 09 अगस्त 2025 को ही आ रहा है। चूंकि राखी एक ऐसा त्यौहार है जो, दुनियां में जब तक चंदा बादल धरती आकाश रहेगा, भाई बहन का प्यार मौजूद रहेगा व बहन का हमेशा सम्मान व रक्षा का प्रण लेना होगा,चूँकि राखी के खुशी वाले दिन भाई के भर-भर आए नैना,कदर बहन की उनसे पूछो जिनकी नहीं है कोई बहना, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी व स्वयं के विचारों के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अमर प्रेम है भाई बहन का..यह राखी बंधन है ऐसा....युवाओं को त्योहारों का महत्व समझने की जरूरत है। साथियों बात अगर हम रक्षाबंधन राखी महोत्सव 09 अगस्त 2025 की करें तो रक्षाबंधन, भारतीय सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण त्योहार है,जिसे भाई बहन के रिश्ते को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है। यह त्योहार हर साल श्रावण मास की पूर्णिमा को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनके लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं, जबकि भाई अपनी बहनों को उपहार देकर उन्हें सुरक्षा का आश्वासन देते हैं।यह एक महत्वपूर्ण भारतीय त्योहार है जो भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है। इसे राखी के नाम से भी जाना जाता है। रक्षाबंधन का अर्थ है रक्षा का बंधन। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं, जिससे भाई अपनी बहनों की सुरक्षा का वचन देते हैं। यह त्योहार भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के भाव को समर्पित है। रक्षाबंधन का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व बहुत गहरा है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, रक्षाबंधन की शुरूआत भगवान इंद्र की पत्नी शची (इंद्राणी) द्वारा इंद्र की कलाई पर रक्षा धागा बांधने से हुई थी, जिस से इंद्र ने असुरों के खिलाफ युद्ध में विजय प्राप्त की। इसी तरह, महाभारत में भी द्रौपदी द्वारा भगवान कृष्ण को रक्षा सूत्र बांधने की कथा है,जिसके बदले कृष्ण ने द्रौपदी की लाज बचाई थी।रक्षा बंधन भले ही भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक हो, लेकिन भारत की सांस्कृतिक विविधता ने इस दिन को अनेक रूपों में सजाया है. गायों की पूजा से लेकर समुद्र अर्पण, यज्ञोपवीत से लेकर झूला उत्सव तक सावन पूर्णिमा हर राज्य में अपने मायने रखती है. यह पर्व हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है और याद दिलाता है कि भिन्नताओं में ही हमारी एकता छिपी है, सावन की पूर्णिमा सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि भारत की विविध संस्कृति और परंपरा की झलक है. हर राज्य ने इस दिन को अपनी-अपनी मान्यता, आस्था और रीति-रिवाज से सींचा है. यही विविधता भारत की सबसे बड़ी खूबी भी है, जो हर पर्व को केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव बना देती है। साथियों बातें कर हम रक्षाबंधन पर्व के महत्व और परंपराओं की करें तो,रक्षाबंधन केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि इसका सामाजिक और सांस्कृतिक पहलू भी अत्यंत महत्वपूर्ण है:- (1)भाई-बहन के संबंधों का उत्सवः यह त्योहार भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को सशक्त करता है, जो सामाजिक ताने-बाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह पर्व भाई-बहन के बीच विश्वास, समर्थन और प्रेम को उजागर करता है। (2)सामाजिक समरसता का संदेशः रक्षाबंधन जाति, धर्म, वर्ग से ऊपर उठकर मानवीय एकता का संदेश देता है। कई स्थानों पर महिलाएं सैनिकों, नेताओं और समाज के रक्षकों को भी राखी बांधती हैं, जिससे रक्षा का दायरा व्यापक होता है। (3) नारी शक्ति का सम्मानः यह पर्व अप्रत्यक्ष रूप से नारी सम्मान, गरिमा और उसकी सुरक्षा की ओर ध्यान आकर्षित करता है। बहन केवल उपहार पाने वाली नहीं, बल्कि वह समाज की संरक्षिका और मार्गदर्शिका भी होती है,भारत के विभिन्न क्षेत्रों में रक्षाबंधन को विभिन्न तरीकों से मनाया जाता है, जो क्षेत्रीय संस्कृति और परंपराओं का प्रतिनिधित्व करता हैः-(1) उत्तरभारतः दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, बिहार और मध्यप्रदेश में यह पर्व विशेष रूप से धूमधाम से मनाया जाता है। बहनें घर-घर जाकर भाइयों को राखी बांधती हैं और विशेष पकवान बनते हैं। (2) राजस्थान में लांबा या रक्षा-सूत्रः यहाँ महिलाएं अपने भाइयों केअलावा राज परिवारों या पुजारियों को भी राखी बांधती हैं। लांबा नामक विशेष राखी होती है जो सिरपर बांधी जाती है। (3) महाराष्ट्र में नारली पूर्णिमाः यहाँ मछुआरे समुद्र देवता को नारियल अर्पित करते हैं और अपनी बहनों को राखी बांधते हैं। यह पर्व समुद्र की कृपा और सुरक्षा की कामना से भी जुड़ा है। (4)बंगाल में झूलन पूर्णिमाः यहाँ राधा-कृष्ण की झांकी सजाकर उनकी झूलन यात्रा की जाती है, और साथ ही भाई-बहन भी रक्षाबंधन मनाते हैं। (5) उत्तराखंड, हिमाचल में राखी के साथ लोकगीतः यहाँ पारंपरिक पहाड़ी गीत और लोकनृत्य के साथ रक्षाबंधन को रंगीन बनाया जाता है। साथियों बातें अगर हम डिजिटल युग में समय के साथ बदलते समय के साथ बदलती परंपरा और आधुनिक परिप्रेक्ष्य में राखी महोत्सव मनाने की करें तोसमय के साथ रक्षाबंधन की परंपराओं में बदलाव भी आया है। आज की आधुनिक पीढ़ी इस पर्व को तकनीकी माध्यमों से भी मना रही है, बहनें वीडियो कॉल के जरिए राखी बांधती हैं, डाक या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से राखी भेजती हैं। कई परिवारों में बहनें भाई के स्थान पर अपनी बहनों को भी राखी बांधती हैं, व आजकल भाई के साथ भाभी को एक साथ बैठाकर उनकी आरती उतारकर दोनों को राखी बांधी जाती है, जिससे इस पर्व की व्यापकता और भावना की विशालता सिद्ध होती है।(1)सैन्य बलों को राखीः- देशभर की बहनें सीमाओं पर तैनात भारतीय जवानों को राखी भेजकर उनके त्याग और समर्पण को नमन करती हैं। इससे राखी देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का भी प्रतीक बन जाती है। (2) विद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं मेंरक्षाबंधनः स्कूलों, कॉलेजों, एनजीओ आदि में यह पर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में मनाया जाता है, जिसमें छात्र-छात्राएं परस्पर राखी बांधकर भाईचारे की भावना को शालीनता से बढ़ावा देते हैं। साथियों बात कर हम, रक्षाबंधन के पर्व में व्यापारिक और आर्थिक पक्ष के एंगल से देखने की करें तो,रक्षाबंधन केवल एक पारिवारिक पर्व नहीं रहा, यह अब आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हो गया हैः-मिठाई उद्योग, कपड़े, राखी निर्माण, गिफ्ट आइटम, डाक सेवा, कूरियर कंपनियाँ और ऑनलाइन प्लेटफार्म इस पर्व से भारी लाभ कमाते हैं। राखी की बिक्री में करोड़ों का व्यापार होता है, जिससे कई कुटीर उद्योगों को भी प्रोत्साहन मिलता है, विशेष रूप से महिलाओं द्वारा बनाई गई हस्तशिल्प राखियाँ को बहुत महत्व मिलता है और बहुत सी महिलाओं के रोजगार का साधन हो गया हुआ वर्ष भर राखियां बनती है व एक महीने के अंदर उनकी पूरी आंखें बिक जाती है।





अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे किरक्षाबंधन 9 अगस्त 2025ः-भारतीय सांस्कृतिक विरासत का वैश्विक उत्सव और भाई-बहन के अटूट बंधन का प्रतीक₹रक्षाबंधन₹ यह पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के रिश्ते का प्रतीक है-युवाओं को त्योहारों का महत्व समझाने की जरूरत।आज खुशी के दिन भाई के भर भर आए नैना,कदर बहन की उनसे पूछो जिनकी नहीं है बहना,रक्षाबंधन की बधाईयां।

# संसद संवाद की बजाय संघर्ष का अखाड़ा कब तक?



बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन पर संसद में गतिरोध जारी है, जिससे कामकाज बाधित हो रहा है। आज संसद का दृश्य सार्थक संवाद की बजाय किसी अखाड़े से कम नहीं लगता। बहस के स्थान पर बैनर, तख्तियां और नारों की गूंज सुनाई देती है। संसद जहां नीति निर्माण होना चाहिए, वहां प्रतिदिन कार्यवाही स्थगित हो रही है। यह विडंबना है कि जनप्रतिनिधि जिन मुद्दों को लेकर चुने जाते हैं, उन्हीं मुद्दों पर चर्चा की बजाय वे मेजें थपथपाने, वेल में उतरने और माइक बंद कराने में लगे हैं। संसद का हंगामा केवल दृश्य नहीं, एक राजनीतिक पतन की ओर संकेत करता है। जब एक ओर सरकार संवाद से बच रही है और दूसरी ओर विपक्ष केवल दिखावटी विरोध में लिप्त हंगामें बरपा रहा है, इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों में देश की जनता के मुद्दे पीछे छूट रहे हैं। विपक्ष और सत्ता के बीच जारी इस टकराव में बहस के बजाय बहिष्कार और गतिरोध हावी हो चुका है। मानसून सत्र की शुरूआत उम्मीदों से भरी थी, नए विधेयकों, जनहित की बहसों और लोकतांत्रिक विमर्शों की। लेकिन यह सत्र भी पुराने ढर्रे पर चल पड़ा, विरोध, स्थगन, नारेबाजी और हंगामे की भेंट चढ़ता लोकतंत्र। विपक्ष बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा चाहता है। इसमें ईवीएम की पारदर्शिता, मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनाव आयोग की निष्पक्षता जैसे गंभीर मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही मणिपुर की स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई, पेगासस जासूसी, किसानों की समस्याएं और हाल ही में आई बाढ़ एवं आपदा राहत जैसे मुद्दे भी विपक्ष के एजेंडे में हैं। लेकिन विपक्ष इन और ऐसे जरूरी मुद्दों पर चर्चा का माहौल बनाने की बजाय सरकार को घेरने की मानसिकता से ग्रस्त है। संसद की प्रासंगिकता तभी है जब उसमें देश की सच्चाइयों की प्रतिध्वनि हो और विपक्ष इसमें सकारात्मक भूमिका निभाये। गतिरोध के कारण दर्जनों विधेयक लंबित हैं, डेटा प्रोटेक्शन बिल, महिला आरक्षण बिल, वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा, कृषि कानूनों में संशोधन, आदि। ये सब विधेयक केवल कानून नहीं हैं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के जीवन से जुड़े ज्वलंत प्रश्न हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश, विपक्ष सार्थक बहस से भाग रहा है या बहस में अड़ंगा डाल रहा है। सत्ता पक्ष भी कोई बीच का रास्ता निकालता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। दोनों की यह रस्साकशी देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य को कमजोर कर रही है। कोई भी पक्ष झुकने को तैयार नहीं दिख रहा। लेकिन, इसका असर संसद के कामकाज पर पड़ रहा है। दोनों सदनों का कीमती वक्त हंगामे में जाया हो रहा है और यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है। पिछले वर्षों में इस तरह की गतिविधियां आम हो गई हैं। विपक्ष चाहता है कि सरकार एसआईआर पर चर्चा कराए। लेकिन, सरकार नियमों का हवाला देकर कह रही है कि चुनाव आयोग स्वायत्त संस्था है और मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए चर्चा नहीं हो सकती। जवाब में, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी 2023 की एक रूलिंग निकाल कर उपसभापति को पत्र लिख दिया है। दोनों पक्ष नियमों के सवाल पर अड़े हैं, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि ये नियम सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए बनाए गए हैं, न कि कामकाज ठप्प कराने के लिए। मानसून सत्र शुरू होने के पहले ही अंदाजा था कि एसआईआर पर हंगामा होगा। इसके पीछे विपक्ष की अपनी आशंकाएं हैं। शुरूआत से ही यह प्रक्रिया विवादों में रही है। आधार और वोटर कार्ड को मान्य डॉक्युमेंट्स में शामिल न करने से लेकर बड़ी संख्या में लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर निकालने तक, इसमें कई पेच फंसे हैं। चुनाव आयोग ने संशोधित वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी कर दिया है और इसमें 65 लाख नाम हटाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन लोगों की पूरी जानकारी मांगी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पिछले दिनों कहा था कि अगर विपक्षी दलों का हंगामा जारी रहता है, तो देशहित में सरकार के सामने विधेयक पारित कराने की मजबूरी होगी। लेकिन, लोकतंत्र के लिए यही बेहतर होगा कि दोनों पक्ष सदन का इस्तेमाल रचनात्मक बहस के लिए करें। आम नागरिक संसद से समाधान की उम्मीद करता है, न कि शोरशराबा। जब लाखों युवा रोजगार की बाट जोह रहे हैं, किसान कर्ज में डूब रहे हैं, और आमजन महंगाई से त्रस्त है, तब संसद में ठहाके नहीं, तकलीफों की चर्चा जरूरी है। यह सवाल अब बार-बार उठ रहा है कि क्या संसद केवल दिखावटी बन गई है? अगर सरकार विपक्ष को केवल बाधा मानकर चलती है और विपक्ष केवल विरोध के लिए विरोध करता है, तो लोकतंत्र की आत्मा मरती है। जैसाकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था, ह्लसंसद को ठप्प करना आसान है, लेकिन संसद को चलाकर देश की उम्मीदों को साधना ही असली लोकतंत्र है।ह्वचुनाव आयोग एसआईआर की जरूरत को बता चुका है और शीर्ष अदालत ने भी उसे माना है। यह जरूरी भी है, क्योंकि भ्रष्ट वोटरों से चुनी जाने वाली सरकारें भी भ्रष्ट ही होती है। इसलिये चुनाव की इस विसंगति की सफाई होना जरूरी है, इस पर चर्चा की मांग को लेकर सत्ता पक्ष-विपक्ष के बीच गतिरोध बना हुआ है तो बातचीत से इसका हल निकालना होगा ताकि संसद का कामकाज सुचारुरूप से चल सके। लोकतंत्र में सदन चलाने की जिम्मेदारी सरकार की होती है। लेकिन इसमें विपक्ष का सहयोग भी अपेक्षित होता है, दोनों को अपना यह दायित्व समझना चाहिए। संसद का हर सत्र, हर मिनट करदाताओं की गाढ़ी कमाई से चलता है। हर व्यवधान लाखों रुपये की बबार्दी है। यह नैतिक रूप से भी चिंताजनक है कि जनप्रतिनिधि बहस से अधिक हंगामे में समय गंवा रहे हैं। समाधान यही है कि सत्ता पक्ष विपक्ष की बात सुने, संवाद को प्राथमिकता दे। विपक्ष भी रचनात्मक विरोध करे, अनावश्यक बहिष्कार से बचे। लोकतंत्र बहस से ही मजबूत होता है, बहिष्कार से नहीं। वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा होनी चाहिए। जरूरी विधेयकों पर बहस होनी चाहिए। संसद को संकल्प का मंच बनना चाहिए, संग्राम का नहीं। जब तक संसद जनहित के सवालों पर गूंजेगी नहीं, तब तक लोकतंत्र अपंग ही रहेगा।



ललित गर्ग

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को शीघ्र राहत दिलाने हेतु सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से मिले कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर की बाढ़ स्थिति पर हुई गंभीर चर्चा, त्वरित राहत और दीर्घकालिक रणनीति पर सहमति

बिजनौर 07 अगस्त, 2025:-

आज लखनऊ में सिंचाई मंत्री माननीय श्री स्वतंत्रत सिंह जी से शिष्टाचार भेंट कर प्रदेश सरकार में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री तथा जनपद बिजनौर के प्रभारी मंत्री माननीय श्री कपिल देव अग्रवाल जी ने जनपद बिजनौर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की वस्तुस्थिति से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में जनपद बिजनौर के कई क्षेत्रों में गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए हैं, जिससे स्थानीय



जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण, तटबंधों की सुदृढ़ता और प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों के संचालन हेतु आवश्यक संसाधनों एवं तकनीकी सहायता और अधिक सक्रिय कराए जाने का आग्रह किया। माननीय सिंचाई मंत्री स्वतंत्रत देव जी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद बिजनौर के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए और मंत्री कपिल देव अग्रवाल जी द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर यथासंभव हरसंभव सहायता प्रदान की जाए। भविष्य में संभावित आपदा प्रबंधन को लेकर भी दोनों मंत्रियों के बीच दीर्घकालिक रणनीति को लेकर सार्थक चर्चा हुई। भाजपा सरकार की जन-कल्याणकारी सोच के अनुरूप यह निर्णय लिया गया कि न केवल तत्काल राहत प्रदान की जाएगी, बल्कि ऐसी स्थिति से निपटने के लिए संरचनात्मक तैयारियों को भी मजबूती दी जाएगी।

# ताल से ताल मिला नृत्य प्रतियोगिता 12 अगस्त को नहटौर में आयोजित होगी

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर :** राष्ट्रीय बालिका इंटर कॉलेज नहटौर में 12 अगस्त को प्रातः 10 बजे से भव्य नृत्य प्रतियोगिता ₹ताल से ताल मिला₹ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का निर्देशन रोमियो मयूर द्वारा किया जा रहा है। इस सांस्कृतिक आयोजन में जिले की प्रतिभाशाली छात्राओं द्वारा रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी, जिसमें भारतीय शास्त्रीय नृत्य की विभिन्न शैलियों की झलक देखने को मिलेगी।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करना और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है विशेष अतिथि के रूप में शुभम वालिया (संचालक/वरिष्ठ पत्रकार), नरेश कुमार (डायरेक्टर एन. के. केटर्स, धामपुर), मीनू सिसौदिया (महाराणा प्रताप क्षेत्रीय अध्यक्ष, महिला जिला अध्यक्ष), ऐश्वर्या चौधरी (जिलाध्यक्ष, हिंदू रक्षा सेवा महिला मोर्चा), महबूब शेख (रक्त मित्र) साथ ही अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएगी। कार्यक्रम का संयोजन बबीता रानी, प्राचार्य, राष्ट्रीय बालिका इंटर कॉलेज, नहटौर द्वारा किया जा रहा है। कॉलेज परिवार ने समस्त क्षेत्रीय जनों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से इस सांस्कृतिक महोत्सव में सादर आमंत्रित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है। कार्यक्रम के अंत में रोमियो डांस इंडिया डांस ग्रुप द्वारा अभी दिल्ली में सम्मानित हुए शुभम मालिया को सम्मानित किया जाएगा।

# फादरसन पब्लिक स्कूल में 'गुरु दक्षता' प्रशिक्षण

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर :** फादरसन पब्लिक स्कूल में आयोजित गुरु दक्षता के दूसरे सत्र का सफल आयोजन विद्यालय के प्राचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी के नेतृत्व में हुआ। इस सत्र का मुख्य फोकस रचनात्मक शिक्षण पर रहा। किड्स पैराडाइज, जूनियर विंग तथा सीनियर विंग के सभी शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए शिक्षण को रोचक, प्रभावी और बालकेंद्रित बनाने की नई विधियों को सीखा। इस सत्र में शिक्षकों को बताया गया कि कैसे वे पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर कहानी, संगीत, गतिविधियाँ, और डिजिटल साधनों के माध्यम से छात्रों की रुचि को बढ़ा सकते हैं। प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने अपने मार्गदर्शन में यह स्पष्ट किया कि आज के युग में शिक्षक केवल ज्ञान के स्रोत नहीं, बल्कि प्रेरणा के स्तंभ भी हैं। उन्होंने शिक्षकों को प्रोत्साहित किया कि वे कक्षा में

- तरीकों से आगे बढ़कर कहानी, संगीत, गतिविधियाँ, और डिजिटल साधनों के माध्यम से छात्रों की रुचि को बढ़ा सकते हैं।
- किड्स पैराडाइज, जूनियर विंग तथा सीनियर विंग के सभी शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए शिक्षण को रोचक, प्रभावी और बालकेंद्रित बनाने की नई विधियों को सीखा।
- शिक्षकों ने इस सत्र को अत्यंत उपयोगी, प्रासंगिक और प्रेरणादायक बताया।

सृजनात्मकता, नवाचार और उत्साह को लेकर आएं, जिससे बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके। शिक्षकों ने इस सत्र को अत्यंत उपयोगी, प्रासंगिक और प्रेरणादायक बताया। इसने उन्हें यह समझने में मदद की कि किस प्रकार वे अपनी शिक्षण शैली में नवाचार और रचनात्मकता को शामिल कर सकते हैं।

# स्वदेशी उत्पादों का हो उपयोग, तो आर्थिक महाशक्ति बनेगा देश: हरीश

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में स्वदेशी उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान तभी सफल हो सकता है, जब देशवासी विदेशी वस्तुओं की जगह देश में निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता दें। बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के केमरी मंडल की बैठक में जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से न केवल स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इससे देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वरोजगार और स्टार्टअप के माध्यम से ह्यमेक इन इंडियाह्न अभियान को



गति दें। उन्होंने यह भी बताया कि भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे और जागरूकता अभियान चलाएंगे। उन्होंने सभी से आहवान करते हुए कहा कि हर व्यक्ति यदि यह संकल्प ले कि वह रोजमर्रा की चीजों में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देगा, तो यह एक बड़ा आंदोलन बन सकता है। इससे न केवल हमारे कारीगरों को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि देश को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में भी मदद मिलेगी। जिलाध्यक्ष ने स्थानीय बाजारों में निर्मित वस्तुओं की गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ह्यवन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट जैसी योजनाओं के जरिए पहले ही स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहुंचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने तिरंगा यात्राओं को लेकर भी कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि आगामी दिनों में मंडल स्तर पर आयोजित की जाने वाली तिरंगा यात्रा विशाल और भव्य हो। इसके लिए सभी कार्यकताओं को एकजुट होकर लगना होगा। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान को भी सफल बनाने की अपील की। इस अवसर मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत यदुवंशी, सत्यप्रकाश लोधी, राजकुमार शर्मा, श्रीपाल चौधरी, कृपाल सिंह, दुर्गेश गंगवार, शिशु पाल लोधी, राहुल कश्यप, सोमपाल मौर्य, महेंद्र पाल, नरेश बाबू, किशोर मौर्य अब्दुल हसन, नवी हसन, रियाजुदीन, गुड्डू, महेरवान, उपस्थित रहे।

# आज 8 अगस्त शुक्रवार को सीएमएस डॉक्टर डी के वर्मा के हाथों पर राखी बांधेगी छोटी छोटी बहनें

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




**रामपुर:** आज 8 अगस्त शुक्रवार को सीएमएस डॉक्टर डी के वर्मा के हाथों पर राखी बांधेगी छोटी छोटी बहनें। आपको बताते चलें कि रक्षाबंधन के पवित्र त्योहार के अवसर पर आज 8 अगस्त को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामपुर की छोटी छोटी छात्राएं बहन के रूप में अपने बड़े भाई जिल अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर डीके वर्मा की कलाई में राखी बांध कर उनके सुख-समृद्धि की कामना करते हुए उससे जीवन भर अपनी रक्षा करने का वचन लेगी। साथ ही यह छात्राएं सीएमएस के बाद समस्त अधिकारी व कर्मचारियों की कलाई में भी रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार हर्षद उल्लास के साथ मनाएंगी। सभी स्टाफ इस दौरान मौजूद रहेगा, सीएमएस ने बताया कि छात्रों के आने का कार्यक्रम उन्हें प्राप्त हो गया है उनके लिए एक बेहतरीन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# पीडित के साथ साइबर फ्रॉड हुई सम्पूर्ण धनराशि 48000/- रुपये पीडित के बैंक खाते में वापस करायी गयी

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** पीड़ित सत्यप्रकाश आर्य पुत्र काशीराम आर्य, निवासी- शिव विहार कालौनी थाना सिविल लाइन, रामपुर द्वारा दिये गये शिकायती पत्र में उल्लेख किया गया कि मैंने बैंकिंग समस्या की शिकायत हेतु ऑनलाइन बैंक कस्टमर केयर का नम्बर सर्च किया, सर्च से प्राप्त मोबाइल नम्बर पर फोन करने पर अज्ञात द्वारा मेरा मोबाइल हैक कर मेरे खाते से धनराशि 48000/- रुपए की धोखाधडी की गयी। विनोद कुमार सिंह अपर पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम उत्तर प्रदेश महोदय द्वारा साइबर अपराध की रोकथाम व साइबर अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रमित शर्मा अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली एवं मुनिराज पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र मुरादाबाद द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निदेशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक, रामपुर व अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर (नोडल अधिकारी साइबर अपराध) के कुशल नेतृत्व में उक्त प्रकरण में थाना साइबर क्राइम जनपद रामपुर द्वारा तकनीकी सहायक के माध्यम से तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए पीड़ित सत्यप्रकाश आर्य उपरोक्त की सम्पूर्ण धनराशि ?48000/- पीडित के बैंक खाते में वापस करायी गयी। उक्त बरामदगी एवं सराहनीय कार्य के लिए पीड़ित सत्यप्रकाश आर्य द्वारा रामपुर पुलिस का आभार प्रकट किया गया। निश्चित ही थाना साइबर क्राइम, रामपुर की इस कार्यवाही से जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास सदृढ हुआ है। साइबर टिप्सः- बैंक कस्टमर केयर अधिकारी का मोबाइल नम्बर ऑनलाइन सर्च न करें, बैंक कस्टमर केयर का मोबाइल नम्बर बैंक पासबुक / एटीएम कार्ड / क्रेडिट कार्ड पर लिखा होता है।

# भाजपा जिला अध्यक्ष ने जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा हूंण को पगड़ी पहनाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

हापुड़/जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा हूण का भाजपाइयों ने केक काटकर धूमधाम से मनाया जन्मदिन। आपको बता दें कि जिला पंचायत सभागार में पंचायत अध्यक्ष रेखा हूण का जन्मदिवस भाजपाइयों के द्वारा धूमधाम से मनाया गया। आयोजित जन्मदिवस कार्यक्रम में लोगों ने रेखा हूण को शाल ओढ़ाकर गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। और जनपद के विभिन्न गाँवों से आये शुभचिंतक लोगों ने प्रतीक चिह्न भेंटकर केक काटकर बधाई दी। वहीं भाजपा ज़िलाध्यक्ष नरेश तोमर ने रेखा हूण को पगड़ी पहनाकर जन्मदिन की शुभकामनाओं के साथ सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर भाजपा नेता प्रमोद नागर जिला अध्यक्ष नरेश तोमर एएमए शिशुपाल शर्मा सूभाष प्रधान सुरेश तोमर पुनीत गोयल सूमित शिशोदिया



जयभगवान शर्मा मोहन सिंह प्रमोद जिंदल अलका निम देवीसहाय शैलेंद्र राणावत विनोद प्रधान देवेंद्र प्रधान ओमवीर वकील अंकित नागर रहीश प्रधान विनोद त्यागी रोहन नागर सागर हूण आदि उपस्थित रहे।

# डीएम एसपी ने गंगा का जलस्तर खतरे का निशान पार करने पर खादर क्षेत्र का भ्रमण कर ग्रामीणों को अलर्ट जारी किया

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही झमाझम बारिश भूस्खलन एवं बिजनौर बैराज से दो लाख क्यूसेक पानी छोड़ने पर गंगा का जल स्तर येलो अलर्ट को पार कर चुका है। जिसके चलते गंगा के किनारे बसे खादर क्षेत्र के गांवों के रास्तों में 1 से 2 फीट तक जल भराव से बाढ़ जैसे हालात पैदा होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बता दे कि बुधवार को गंगा का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया। जिससे खादर क्षेत्र के गांवों के रास्तों में जल भराव होने से प्रतिदिन की दिनचर्या को लेकर ग्रामीणों की माथे की लकीरें चिंता में डूबने लगी। वही गंगा के जलस्तर बढ़ने को लेकर जिला प्रशासन की अफसर शाही टीम जिलाधिकारी अभिषेक पांडे एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह, सीओ वरुण मिश्रा, एसडीएम श्रीराम यादव ने



संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ खादर क्षेत्र के गांव गढ़वाली, भगवन्तपुर, काकाठेर की मंढैया, चकलठीरा, सहित अन्य गांवों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जायज लिया गया। और ग्रामीणों से अलर्ट रहने की अपील करते हुए कहा कि पशुओं, एवं बच्चों को गहरे जल, पानी के तेज बहाव से दूर रखें साथ ही बाढ़ राहत चौकियों पर तैनात अधिकारियों को भी अलर्ट रहने की चेतावनी दी गई है।

# स्योहारा के किवाड़ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर आयुष्मान आरोग्य मंदिर को मिला राष्ट्रीय स्तरीय एनक्यूएएस प्रमाणपत्र: डॉ0 बी 0के0 स्नेही

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के स्योहारा नेशनल टीम द्वारा एच डब्ल्यू सी/आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का 9 जुलाई को ऑनलाइन किया गया था असेसमेंट/मूल्यांकनः डॉ 0स्नेही।*सी एच ओ मोहम्मद सादिक की कड़ी मेहनत लाई रंग, मिला पुरस्कार।बहुत ही होनहार, होशियार लगनशील, मेहनती सी एच ओ है मोहम्मद सादिक.डॉ स्नेही।स्योहारा, 7 अगस्त 2025



मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर डॉ कौशलेंद्र सिंह महोदय जी के निर्देशन में सीएचसी स्योहारा के अधीक्षक डॉ 0स्नेही ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर हैल्थ वैलनेस सेंटर किवाड़ को पुरस्कार मिला है। सीएमओ सर के कुशल नेतृत्व में, मै पुरजोर कोशिश कर रहा हूं कि सरकार की मनसा के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं हर अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को सुलभ हो सके और मिल सके। सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ हर नागरिक को मिले यही मेरी प्राथमिकता में है।इसी के क्रम में ग्रामीण इलाके के लोगों को घर के पास हीं उच्च गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराना सरकार और स्वास्थ्य विभाग के प्राथमिकताओं में शामिल किया गया है।

# नहाने गए युवक की डूबने से मौत

**जनपद बिजनौर नगीना।** तालाब में नहाने गए युवक की डूबने से मौत हो गई मृतक युवक सहारनपुर का रहने वाला है और ग्राम नैनपुर में टाइल्स की मिनी फैक्ट्री में मजदूरी करता था सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवा कर लिखा पढ़ी के बाद पीएम को भेज दिया सहारनपुर निवासी सलमान पुत्र सलीम अख्तर 18 वर्ष ग्राम नैनपुर सराय में लगी मिनी टाइल्स फैक्ट्री में काम करता था सलमान बृहस्पतिवार की दोपहर को गांव की ही दरगाह के निकट तालाब में नहाने गया था, सलमान की तालाब में डूबने से मौत हो गई सलमान की मौत की खबर सुनकर गांव के सैकड़ो लोग मौके पर इकट्ठा हो गए गांव के चौकीदार द्वारा पुलिस को घटना की सूचना दी।

# सड़क दुर्घटना में दो युवाओं की आकस्मिक मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के नजीबाबाद प्राप्त समाचार के अनुसार नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के मंडावली थाना अंतर्गत ग्राम मुस्सेपुर सहदेव सिंह गुर्जर पुत्र चन्द्रपाल सिंह, एवं वीर सिंह प्रजापति पुत्र हुकम सिंह प्रजापति दोनों बहुत ही होनहार युवा अपने एक अन्य साथी निवासी ग्राम इस्सेपुर थाना नजीबाबाद निवासी ब्रजपाल सिंह के साथ अपने घर मुस्सेपुर से अपनी कार से मुरादाबाद जा रहे थे कार को सहदेव सिंह चला रहे थे नेशनल




हाईवे से जैसे कर कोतवाली की ओर मुड़ी तो नगीना की ओर से अचानक तेज रफ्तार कार ने इनकी कार को टक्कर मार दी जिससे वीर सिंह की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा मेरठ में एक दिन उपचार चलने के उपरांत सहदेव सिंह की भी दुखद मृत्यु हो गई कार में सवार तीसरे व्यक्ति ब्रजपाल सिंह अभी घायल अवस्था में है दोनों होनहार युवाओं की दुखद मृत्यु से पूरे गांव व क्षेत्र में शोक की लहर है क्षेत्र के अनेक सामाजिक राजनीतिक व्यक्तियों ने इस घटना पर प्रकट करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान देने एवं शोक संतप्त परिवार को असीम दुःख ग्रहण करने की क्षमता प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# उपज पत्रकार संगठन की बैठक में आगामी चुनाव व कार्यक्रमों पर हुई गंभीर चर्चा

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



**मेरठ।** उपज पत्रकार संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन ग्रैंड कैसल व्यू, वेस्टर्न रोड, सदर, मेरठ कैंट में किया गया। इस बैठक में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी, पत्रकारगण एवं सदस्यों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य संगठन के आगामी चुनावों, भावी गतिविधियों और पत्रकारों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करना रहा। बैठक का सफल संचालन जिला महामंत्री ललित ठाकुर द्वारा किया गया। बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिला संरक्षक श्री जगमोहन शाकाल ने की, जबकि संचालन की जिम्मेदारी प्रदेश सचिव श्री अजय चौधरी ने निभाई। आगामी सितंबर माह के पहले सप्ताह में होने वाले संगठन के चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए गहन विमर्श किया गया। इसके लिए चुनाव समिति गठित करने पर सहमति बनी, जिसमें जगमोहन शाकाल को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। चुनाव में अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पदों हेतु चुनाव संपन्न होंगे। सभी सदस्यों ने चुनाव प्रक्रिया को सहज और लोकतांत्रिक बनाने हेतु अपने विचार रखे। इसके अतिरिक्त संगठन की आगामी कार्ययोजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रस्तावित कार्यक्रमों में पत्रकारिता से संबंधित प्रशिक्षण कार्यशालाएं, मीडिया संवाद, सामाजिक उत्तरदायित्व पर केंद्रित कार्यक्रम, एवं पत्रकारों के हितों से जुड़े विषयों पर संगोष्ठियों का आयोजन प्रमुख रहेगा। यह भी तय किया गया कि युवा पत्रकारों को संगठन से अधिक से अधिक जोड़ने तथा जिला व तहसील स्तर पर संगठनात्मक संवाद को मजबूती देने के प्रयास किए जाएंगे। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने एकमत से पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा और संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला महामंत्री ललित ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष विश्वास राणा, जिला उपाध्यक्ष नकुल चतुवेर्दी, जयवीर त्यागी, महानगर अध्यक्ष पवन शर्मा, जिला प्रवक्ता अरुण सागर, संगठन महामंत्री राजू शर्मा, जिला सचिव राजन सोनकर, उप सचिव दीपक वर्मा, राहुल राणा, राजदीप त्यागी, रवि ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी अखिल गौतम, जिला सूचना मंत्री गौरव सैनी, तथा सदस्य अमित तोमर, रोहित कुमार, विपिन कुमार, मदन पाल गौतम, मनीष सिंह, अनिल यादव, नीरज कुमार, लोकेश कुमार, विपुल सिंघल, रवि गौतम, उज्जवल रस्तोगी, गौरव यादव, निशांत शर्मा, कासिम आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने निमार्णाधीन कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण



**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी बाजार मे हो रहे निमार्णाधीन कान्हा गौशाला का जिलाधिकारी डाक्टर राजा गणपति आर द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया गया। कार्य की प्रगति धीमी होने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी जाहिर किया गया। जिलाधिकारी ने समय एवं गुणवत्तापूर्ण सही ढंग से कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान बढ़नी नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अजय कुमार, जे0ई0 आशीष सिंह, मौजूद रहे।

# वृद्ध की हत्या के सनसनीखेज का खुलासा बेटा-बहू गिरफ्तार ,जेल की सलाखों मे पहुंचे

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** मोहाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने ईंट भट्ठे पर हुई वृद्ध की हत्या के सनसनीखेज का 24घंटे के अन्दर खुलासा कर दिया। मोहाना थाना क्षेत्र के निरंजनपुर गांव स्थित ईंट भट्ठे पर हुई 75वर्षीय वृद्ध की हत्या के सनसनीखेज का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। मृतक सुकई पुत्र भदरी की हत्या उसके कलयुगी पुत्र योगेंद्र और बहू किसलावती ने मिलकर की थी। जमीन बेचने से इनकार करने पर ईंट और बांस के डंडे से सिर पर प्रहार कर वृद्ध की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद शव को मलबे और ईंटों के नीचे छिपा दिया गया।घटना 5 अगस्त की रात की है, जब वृद्ध सुकई ईंट भट्ठे पर चौकीदारी कर रहे थे। इसी दौरान योगेंद्र और उसकी पत्नी किसलावती ने मिलकर उनकी ईंट और बांस के डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को भट्ठे के एक कोने में ले जाकर ईंटों और मलबे से ढंक दिया गया, ताकि किसी को शक न हो। अगली सुबह जब मजदूर भट्ठे पर ट्रॉली में ईंट लोड कर रहे थे, तो उन्हें वहां मौजूद ईंटों की ढेरी से दुर्गंध आई। जब ईंटें हटाई गईं तो शव दिखाई पड़ा, जिसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस को सूचना दी गई और मौके पर जांच टीम पहुंची।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तेजी से जांच शुरू की और मृतक के बेटे योगेंद्र और बहू किसलावती को गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत शौर्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि हत्या में ईंट और बांस के डंडे का प्रयोग किया गया था।

# चयन वेतनमान का शिक्षकों को दिया जाए लाभ शिक्षकों ने उठाई मांग

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** गुरुवार को मथुरा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लाक कार्यकारिणी की विशेष बैठक श्री महावीर स्वामी रेस्टोरेंट गेस्ट हाउस लक्ष्मी नगर आयोजित की गई। मुख्य अतिथि श्रीमती सोनल शर्मा प्रदेश संयुक्त मंत्री उत्तर प्रदेश ने बैठक का शुभारंभ किया। सोनल शर्मा ने कहा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश की नई कार्यकारिणी का निर्वाचन हुआ है जो प्रदेश स्तर पर शिक्षक समस्याओं के समाधान के लिए शिक्षा मंत्री,उच्च अधिकारियों से शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण कराएगा। जिला मीडिया प्रमुख गोवर्धन दास गुप्ता ने कहा की मथुरा जिले में शिक्षकों की समस्याएं बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा ब्लाकों पर काफी समय से लंबित पड़ी हुई है। जिसमें शिक्षकों की चयन वेतनमान पत्रावलिया, 1 दिन के वेतन अवरुद्ध प्रार्थना पत्र, निलंबित शिक्षकों की बहाली, शिक्षामित्र के मानदेय वेतन भुगतान बिल, ब्लॉक पर कार्यरत संविदा कर्मियों का भुगतान, शिक्षकों की अन्य जांच कार्यालय पर काफी समय से लंबित पड़ी हुई है। उनके अधिकारियों द्वारा निस्तारण समय पर नहीं किया जा रहा है। जिससे शिक्षकों, शिक्षामित्र और कर्मचारियों में काफी रोष है। हरिओम गुप्ता संरक्षक ने कहा कि मानव संपदा पर शिक्षकों की सर्विस बुक ईल, सी ल मेडिकल चयन वेतनमान पदोन्नति की प्रविष्टियां पूर्ण की जाए। भगवान सिंह पचोरी ने कहा की शिक्षक समस्याओं के समाधान हेतु शीघ्र ही प्रतिनिधिमंडल प्रभारी बीएसए श्री रविंद्र कुमार से मुलाकात कर उनको समस्याओं से अवगत कराएगा ।शिक्षकों की समस्याओं का समाधान कराने का पूर्ण प्रयास करेगा। बैठक में हरिओम गुप्ता जी वरिष्ठ संरक्षक, शिखा मिश्रा , मनमोहन सिंह गौतम, शैलेन्द्र परिहार,अर्चना वर्मा, प्रमोद कुमार वर्मा, प्राची अग्रवाल, नेहा सिंह, जन्मेजय सिंह ,राजकुमार शर्मा, अवधेश कुमार, कन्हैयालाल, संतोष कुमार शर्मा, सुबेंद्र सारस्वत, संतोष सारस्वत,देवेन्द्र कुमार शर्मा, देवेंद्रसिंह, रीनासिंह, आसिया,विनीता शर्मा, नरेश कुमार राज आदि संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बाबूगढ़ पुलिस ने चोर समझकर युवक के साथ मारपीट करने वाले चार आरोपियों को किया गिरफ्तार




**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

हापुड़/बाबूगढ़ पुलिस ने ड्रोन उड़ा कर रैकी कर चोरी करने और चोरों के आने अफवाहों के चलते एक युवक के साथ मारपीट करने के मामले में दर्ज मु०अ०स०205/2025/धारा 191(2)/191(3)/115(2)/352 बी एन एस से संबंधित चार अभियुक्त, संजू, सूरज पुत्र सुभाष, सिकंदर पुत्र राजेंद्र, अंकित पुत्र जगदीश, निवासी उपैडा को गिरफ्तार कर विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में किया पेश। वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी महेंद्र सिंह का कहना है कि किसी भी संदिग्ध अनजान व्यक्ति के साथ मारपीट किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे लोगों की स्थानीय पुलिस को तत्काल सूचना दें पुलिस उसे पर जांच कार्यवाही करेगी। अफवाह फैलाकर किसी भी व्यक्ति विशेष के साथ, समूह के द्वारा मारपीट की गई तो समझो जाओगे जेल।

# सैलून पर दाढ़ी बनवा रहे युवक के गर्दन और पेट पर नाई ने उस्तरे से किया वार

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**मिश्रौलिया/सिद्धार्थनगर।** जनपद के मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के चेतिया कस्बे में वृहस्पतिवार शाम को एक दुस्साहिसक घटना से क्षेत्र मे सनसनी फैल गई। सैलून पर दाढ़ी बनवाने गए युवक की गर्दन और पेट पर नाई ने उस्तुरे से वार कर दिया। पूरा मामला सिद्धार्थनगर जिले के मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के चेतिया कस्बे में गुरुवार शाम हुई एक दुस्साहिसक घटना से सनसनी फैल गई। सैलून पर दाढ़ी बनवाने गए युवक की गर्दन और पेट पर नाई ने उस्तुरे से वार कर दिया। युवक की गर्दन का कुछ हिस्सा कट गया, जबकि आंत बाहर आ गई। अधिक खून बहने से युवक बेहोश हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालत नाजुक बनी हुई है। मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के चांदे गड़िया गांव निवासी विशाल (21) पुत्र स्व. सुरेंद्र चेतिया चौराहे पर गुरुवार शाम करीब साढ़े छह बजे दाढ़ी बनवाने गया था। सैलून में दाढ़ी बनाते समय किसी बात को लेकर नाई की उससे कहासुनी होने लगी। आपा खोकर नाई ने उस्तरे से विशाल की गर्दन पर वार कर दिया। गर्दन कुछ हिस्सा कट गया और खून बहने लगा। इसके बाद उसने विशाल के पेट पर भी उस्तुरा मार दिया। इससे करीब छह इंच पेट फट गया और आंत बाहर दिखने लगी। अधिक खून बहने से विशाल बेहोश हो गया। इस घटना से चेतिया चौराहे पर अफरातफरी मच गई। पुलिस ने बेहोश युवक को पास के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। युवक की हालत नाजुक बनी रही।पुलिस का कहना है कि अभी तहरीर नहीं मिली है। मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पॉलीथिन में बंद सड़क पर पड़े नवजात की मुस्लिम दंपति ने बचाई जान



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर:**पॉलीथिन में बंद सड़क पर पड़े नवजात की मुस्लिम दंपति ने बचाई जान कुत्ता खींचकर ले जाने का कर रहा था प्रयास, बच्चा स्वस्थ, चाइल्ड लाइन को किया सुपुर्द जान बचाने वाले गांव कुराना नया बांस के रहने वाले हैं फहीमुद्दीन व शमीना बाइक द्वारा औरंगाबाद से वापस गुलावठी लौट रहे थे दंपति असावर से ऐंचाना के बीच सड़क किनारे एक झाड़ी से पॉलीथिन को खींचकर ले जा रहा था कुत्ता फहीमुद्दीन को कुछ अजीब लगा तो वो बाइक रोककर कुत्ते को भगाया फहीमुद्दीन ने देखा कि पॉलीथीन हिल रही थी और उसमें एक नवजात बच्चा था फहीमुद्दीन नवजात शिशु को डॉक्टर के पास लेकर गए और फिर पुलिस को दी सूचना थाना गुलावठी कोतवाली क्षेत्र के ऐंचाना गांव के समीप का मामला है।

# नदल्लीपुर हत्या कांड: भाई अनुज भेजा गया जेल, चाचा की तलाश जारी

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** किठौर थाना क्षेत्र के नदल्लीपुर गांव में चार दिन पूर्व हुए गोलीकांड मामले में पुलिस ने मृतक युवक के बड़े भाई अनुज को हत्या के आरोप में जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई मृतक की पत्नी की तहरीर पर की गई, जिसमें उसने पति की हत्या और खुद पर जानलेवा हमले का आरोप लगाया है।

मामला मंगलवार का है, जब नदल्लीपुर निवासी अतुल कुमार पुत्र प्रभुदयाल की अपने ही कमरे में लाइसेंसी रायफल की गोली लगने से मौत हो गई थी। घटना के बाद मृतक की पत्नी मोनिका ने अपने जेठ अनुज और चचिया ससुर भूप सिंह पर गंभीर आरोप लगाए। मोनिका ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि पति की हत्या कर शव को जल्दबाजी में दाह संस्कार के लिए ले जाया जा रहा था, बिना पुलिस को सूचित किए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस दौरान घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ, जिसमें अतुल ने अवसाद में आत्महत्या करने की बात लिखी और अपने परिवार एवं पत्नी को निर्दोष बताया। बावजूद इसके, मोनिका के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने अनुज को हिरासत में लेकर पूछताछ की, और बृहस्पतिवार को उसे जेल भेज दिया। थाना प्रभारी बृजेश पांडेय ने बताया कि हत्या की धाराओं में कार्रवाई की गई है। वहीं, कथित साजिश में शामिल चाचा भूप सिंह की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

# अनूठी पहल पेड़ों को राखी बांध कर लिया रक्षा का संकल्प

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/बलदेव।** विकास खंड बलदेव के प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में गुरुवार को छात्रा/छात्राओं द्वारा वृक्षाबंधन कार्यक्रम मनाया गया। वृक्षाबंधन कार्यक्रम के तहत विद्यालय के छात्रों ने नवीन पेड़ों को राखी बांध कर उनकी रक्षा और देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ जगदीश पाठक ने छात्रों को बताया कि पेड़ ही हैं, जो हमसे बिना कुछ लिए हमें ऑक्सीजन, छाया और फल-फूल देते हैं। इसलिए हमें पेड़ों की सुरक्षा का संकल्प लेने के साथ ही उनका ध्यान भी रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्षाबंधन कार्यक्रम सिर्फ एक प्रतीकात्मक रस्म नहीं, बल्कि एक गहरा भावनात्मक जुड़ाव है, जिसमें छात्राएं पेड़ों को भाई की तरह मानती हैं और उनकी रक्षा का संकल्प लेती हैं। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने दर्जनों पेड़ों को राखी बांधकर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया और पर्यावरण संरक्षण को लेकर नारे लगाए। इस अवसर कर विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष गुड्डी देवी ने छात्रों से कहा कि वे अपने घरों की छतों, बालकनियों और खाली स्थानों में भी छोटे-मोटे पौधे अवश्य लगाएं एवं उनका संरक्षण करें। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक डॉ जगदीश पाठक, शिक्षिका बिंदु शर्मा, गीता सक्सेना, ममता रानी, अचल कुमार, आंगनवाड़ी कार्यकत्री पूजा, आकाश कुमार आदि की उपस्थिति मुख्य रही।

# मानक विपरीत हो रहा था सड़क निर्माण, समाजसेवी ने रुकवाया कार्य

**वेलकम इंडिया**



**नरसेना।** विकासखंड ऊंचागांव क्षेत्र की नरसेना-अवंतिका देवी मार्ग पर निर्माण कार्य को लेकर सोमवार को विवाद की स्थिति बन गई। बन रही सड़क पर घटिया सामग्री डालने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराया और काम रुकवा दिया। क्षेत्र के खन्दोई गांव के ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में सड़क निर्माण में पत्थर की जगह डस्ट डाली जा रही थी। मामले की जानकारी मिलते ही समाजसेवी जितेंद्र कुमार लोधी मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने जब ठेकेदार से मानक अनुसार काम करने को कहा तो वह भड़क गया। स्थानीय लोगों ने विरोध करते हुए निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों को मौके से खदेड़ दिया।इस बीच जीतू लोधी ने मुख्य ठेकेदार हेमंत चौधरी को फोन पर सूचना दी लेकिन उन्होंने आने से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारी अभियंता प्रताप सिंह और सहायक अभियंता विशाल शर्मा को मौके की स्थिति से अवगत कराया। दोनों अधिकारी मौके पर पहुंचे और निरीक्षण के बाद ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि तीन दिनों के अंदर कार्य में आई सभी कमियों को दुरुस्त किया जाए, अन्यथा निर्माण कार्य बंद करवा दिया जाएगा। इस दौरान मौके पर डॉ. आनंद वीर सिंह, करनलाल सिंह, आकाश लोधी, राजकुमार चौधरी, कंवरपाल, सुनील, दीपांशु लोधी, सतेंद्र टीटू, जयकरण, नरेन्द्र गुड्डू, धर्मवीर, ठेकेदार राहुल लोधी, राजपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# वृंदावन महापंचायत में हुआ अनिरुद्धाचार्य का विरोध, 11 सदस्य समिति का हुआ गठन

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** श्री बृजधमार्चार्य परिषद, एवं कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास द्वारा भागवत प्रवक्ता अनिरुद्ध आचार्य एवं गलत बयान बाजी करने वाले संतो को चेतावनी देते हुए वृंदावन कैलाश नगर स्थित वृंदावन सरोवर गेस्ट हाउस में चेतावनी सभा का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता पं बिहारी लाल वशिष्ठ ने की। संपूर्ण ब्रजमंडल से पधारे हिंदूवादी नेताओं एवं संतों ने एक मत होकर नारी शक्ति के अपमान पर कड़ी आलोचना की। सभा को संबोधित करते हुए पं दिनेश फलारी जी महाराज ने कहा कि ब्रज वृंदावन में आदिकाल से संत जन एवं भागवत आचार्य अधिकतर बाहर से आए, इन बृजवासियों ने उनको सहज गले लगाया लेकिन अब कुछ अनिरुद्ध आचार्य जैसे लोग ब्रज की गरिमा को कलंकित कर रहे हैं जिसे




बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। ब्रज धमार्चार्य परिषद के संयोजक पं राजेश पाठक, हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय हरियाणा, महंत राम निवास महाराज ने कहा कि हम बृजवासी किसी भी प्रकार से ऐसे व्यक्तियों को बर्दाश्त नहीं करेंगे जो ब्रज की गरीमा को कलंकित करेंगे विश्व हिंदू परिषद नेता जयराम शर्मा, करणी सेना के प्रदेश नेता ठा नरेश सिंह, ने कहा कि 11 सदसीय कमेटी मैं ब्रज के विद्वान मर्मज्ञ रखे गए हैं। अध्यक्षता करते हुए पंडित बिहारी लाल वशिष्ठ ने बताया कि जो 11 सदस्य कमेटी बनाई गई है उसमें पुष्टिमार्गीय संत सुरेषाचार्य जी, धमार्चार्य परिषद के संयोजक राजेश पाठक, किसान नेता जयराम शर्मा, गरीब एकता दल के विवेक महाजन, ब्राह्मण सभा के जिला महामंत्री आशीष गौतम चिंटू, पंडा सभा से आशीष चतुर्वेदी, महिला सभा से अंजली शर्मा, क्षत्रिय सभा से सुखराम सिंह कमल, जूना अखाड़ा की साध्वी राधानंद नंद गिरी, संत समाज से महंत गिर्राज आचार्य, आचार्य ज्ञानेंद्र भास्कर, को रखा गया है। बैठक में मुख्य रूप से ब्रह्मदेव शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, राजेश शास्त्री, सुमित शास्त्री, धर्मेंद्र गौतम, सत्येंद्र शर्मा, ज्ञानेश तिवारी, दिनेश भार्गव, लहरी पंडित, गोपाल गौतम, रामनिवास शर्मा, मनोज सिंह, राहुल गौतम, गंभीर सिंह, संत ज्ञान देव, प्रहलाद बाबा, लोकेंद्र कौशिक, राम गोस्वामी बरसाना, महेश कौशिक जतीपुरा गोवर्धन, राजीव पंडा बलदेव, केदारपुरी, कृष्ण गोविंद शर्मा गोकुल, संदीप पंडा लखन कौशिक, गिरधारी पालीवाल, राम सिंह बघेल, जय राम शास्त्री, मयंक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# युवक ने पांच साल की बच्ची से की दरिंदगी, रोते हुए घर पहुंची मासूम, खून देख दंग रह गई मां

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** भोजीपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार दोपहर 12 बजे पांच वर्षीय बच्ची अपने सात साल के भाई के साथ खेल रही थी। इसी दौरान गाँव का ही मुकेश वहां आया। मुकेश ने बच्ची और उसके भाई को दुकान से सोया का पैकेट खरीदकर दिया। इसके बाद बच्ची का भाई घर चला गया। मुकेश बच्ची को और सोया दिलाने की बात कहकर अपने साथ घर ले गया। वहां उसने बच्ची से दुष्कर्म किया। बच्ची के रोने पर और किसी की आहट सुनकर आरोपी भाग खड़ा हुआ। जिसके बाद मासूम बच्ची रोती-बिलखती अपने घर पहुंची तो गुप्तांग और कपड़ों पर खून देखकर उसकी मां सब कुछ समझ गई। बच्ची के भाई ने भी मां को बता दिया कि मुकेश अंकल ही बहन को अपने घर की ओर लेकर गए थे। तब बच्ची की मां परिवार के अन्य लोगों के साथ भोजीपुरा थाने




पहुची और आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। इस घटना की सूचना थाने पर मौजूद पुलिस कमियों ने प्रभारी निरीक्षक प्रवीन सोलंकी को दी। सोलंकी उस वक्त मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में बरेली में ड्यूटी कर रहे थे। सोलंकी बरेली से सीधे भोजीपुरा के उसी गांव पहुंचे जंहा की घटना थी। उन्होंने आरोपी को उसके घर से हिरासत में ले लिया। रिपोर्ट दर्ज करने से पहले ही बच्ची को मेडिकल परीक्षण व उपचार के लिए जिला महिला अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस को ग्रामीणों ने बताया है कि आरोपी की छवि मोहल्ले में अच्छी नहीं है। उसने कुछ साल पहले बिहार की महिला से शादी की है। उसके दो बच्चे पहले से हैं। हाल ही में उसकी पत्नी ने तीसरे बच्चे को जन्म भी दिया है। आरोपी की पत्नी अपने ससुर के घर पर थी। आरोपी अपने छोटे से घर में अकेला रह रहा था। इसी दौरान वह मासूम बच्ची को घर ले गया होगा और उसके साथ दरिंदगी की होगी। इस घटना को लेकर भोजीपुरा के प्रभारी निरीक्षक से जानकारी की गई है।

# बिंदेश कुमार ने प्रबंधन में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की

वेलकम इंडिया



**गोवर्धन।** जी एम नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. बिंदेश कुमार को भगवंत यूनिवर्सिटी, अजमेर से पीएचडी की उपाधि मिली है। उन्होंने यह शोधकार्य अपनी मार्गदर्शिका डॉ. रीतिका मूलचंदानी के निर्देशन मे पूर्ण किया। बिंदेश का प्रबंधन में शोध विषय था ₹राजस्थान के चुनिन्दा विश्वविद्यालयों के स्नातकोत्तर शिक्षकों की संगठनात्मक निष्ठा, योग्यता एवं कार्य संतुष्टि पर एक आलोचनात्मक अध्ययन।₹ यह शोधकार्य शिक्षा क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण योगदान है, जो शैक्षणिक संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों की कार्यप्रणाली, उनके समर्पण तथा संस्थागत विकास के पहलुओं को गहराई से समझने में सहायक सिद्ध होगा। यह उपलब्धि डॉ. बिंदेश कुमार के कठोर परिश्रम, अनुशासन, लगन और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक है। उनके द्वारा अर्जित यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत विकास का संकेत है, बल्कि यह भावी शोधकताओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता, गुरुजन ओर अपने परिवार के सभी व्यक्तियों को दिया।

# अपर जिला जज ने सुनी सेवा निवृत्त सैनिकों की समस्याएं, लीगल एड क्लीनिक पर दी गई विधिक जानकारी

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

**दिनांक 06 अगस्त 2025 प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास बोर्ड प्रतापगढ़ में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पंवार ने लीगल एड क्लीनिक पर पूर्व सैनिकों एवं सैन्य कर्मियों के परिजनों के साथ बैठक किया और उनकी समास्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व सैनिको को जागरूक करते हुए अपर जिला जज ने बताया कि राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा द्वारा आरम्भ की गई नालसा वीर परिवार सहायता योजना के अन्तर्गत उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास बोर्ड प्रतापगढ़ में सेवा निवृत्त सैनिकों एवं रक्षा कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान किये जाने के लिए कार्यालय जिला सैनिक एवं पुर्नवास बोर्ड





में लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गई है, जिसका उद्घाटन गत 01 अगस्त 2025 किया जा चुका है। इस अवसर पर अपर जिला जज ने सेवा निवृत्त सैनिको एवं रक्षा कर्मियों से कहा कि जिन सैनिकों या उनके परिजनों को निःशुल्क कानूनी सहायता की आवश्यकता हो ऐसे लोग लीगल एड क्लीनिक और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में सम्पर्क करके लिखित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकते है, जिस पर उन्हे आवश्कतानुसार विधिक सहायता निःशुल्क दिलायी जायेगी। उन्होने कहा कि छोटे छोटे मामूली विवादों को आपसी बातचीत एवं सुलह समझौते के माध्यम से समाप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर अधिवक्ता मध्यस्थ विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं के बारे विस्तार से जानाकरी प्रदान किया। उन्होने राष्ट्र के लिए चलाये जा रहे मध्यस्थता अभियान के अंतर्गत मध्यस्थता के माध्यम से आपसी विवादों को सुलह समझौते के माध्यम से समाप्त कराये जाने पर बल दिया। इस अवसर जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने अपर जिला जज को प्रतीक चिन्ह प्रदान करते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित पैनल अधिवक्ता सुषमा पाण्डेय एवं पी0एल0वी0 ज्येत्सना दुबे ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में भारी संख्या में सेवानिवृत सैनिकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# पड़ोसी पर लगाया मारपीट करने का आरोप

वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र की नई बस्ती मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोस के दो भाइयों पर पीड़ित व उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाकर थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। गुरुवार को थाना क्षेत्र के नई बस्ती मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी इमरान ने बताया कि पड़ोसी व्यक्ति व उसका परिवार पीड़ित सहित उसके परिवार से रंजिश रखता है। आरोप है कि गुरुवार की सवेरे पड़ोस के दो भाइयों ने उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की जब पीड़ित छुड़ाने के लिए आया तो दोनों भाइयों ने पीड़ित को भी लपेट लिया और गाली-गलौज कर जान से मारने की



धमकी देते हुए मारपीट की और शोर-शराब होने पर मौके से दोनों भाई फरार हो गए। पीड़ित व्यक्ति ने थाने पर पहुंचकर आरोपी दोनों भाइयों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# प्रधान पति के साथ गाली-गलौज के आरोपी का पुलिस ने किया चालान

वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** विकासखंड क्षेत्र के गंगेरू ग्राम प्रधान पति के विरुद्ध फोन पर गाली-गलौज करने एवं निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न करने सहित पुलिस के साथ बदसलूकी करने करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए अभियोग पंजीकृत कर चालान कर दिया। विकासखंड क्षेत्र के गंगेरू में कई महा पूर्व ईदगाह कमेटी के द्वारा ईदगाह में निर्माण कार्य करने पर सहमति बनाई गई थी। ग्रामीणों ने ईदगाह की चार दिवारी का निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। एक ग्रामीण अनीस ने अपनी दबंगई दिखाते हुए आपत्ति दर्ज करते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया था और फोन पर गांव गंगेरू ग्राम प्रधान पति राशिद जंग के विरुद्ध अन्य ग्रामीण के साथ फोन पर बातचीत करते हुए गाली-गलौज की थी। जिसका ऑडियो ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दी थी। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पति के विरुद्ध गाली गलौज करने के आरोपी



के विरुद्ध थाने पर शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। मामले में गंगेरू चौकी प्रभारी विक्रम भाटी पुलिस टीम के साथ आरोपी अनीस से पूछताछ करने के लिए गई तो आरोपी ने पुलिस टीम के साथ भी बदसलूकी करते हुए उत्तेजित हो गया था। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार करते हुए उसके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर चालान कर दिया। ग्राम प्रधान पति राशिद जंग का कहना है कि ईदगाह निर्माण कार्य में ग्राम पंचायत का कोई भी सहयोग नहीं है कमेटी के द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कुछ लोगों ने राजनीति करते हुए हस्तक्षेप किया था।

# थाना मेंहदावल पुलिस ने भैंस चोरी के मामले मे वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार, 10 हजार रुपये नकद बरामद

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना मेंहदावल सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना मेंहदावल उ0नि0 रामाश्रय प्रसाद, हे0का0 मोतीलाल ने मु0अ0स0 277/2025 धारा 303(2),317(2) बीएनएस में वाँछित अभियुक्त सत्येन्द्र यादव उर्फ सिन्टा पुत्र प्रेमचन्द यादव निवासी भरवलिया पाण्डेय थाना मेंहदावल को चोरी की भैंस बेंचने से प्राप्त 10 हजार रुपयों के साथ बस स्टैण्ड, रोडवेज कैण्टीन के पास से गिरफ्तार किया।

दिनाँक 09.07.2025 को वादिनी शकीना खातुन पत्नी अली अहमद निवासी चौफेड़ा (बहलोलिया) थाना मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना मेंहदावल पर अज्ञात के विरुद्ध दिनांक 03.07.2025 को वादिनी की भैंस चोरी कर लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था, उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना मेंहदावल पर मु0अ0सं0 277/2025 धारा 303(2),317(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था । पूर्व में दिनांक 10.07.2025 को मुख्य अभियुक्त राममिलन पुत्र स्व0 जगदीश निषाद निवासी नई बाजार थाना मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया था ।

# महाविद्यालय में आयोजित हुआ तिरंगा राखी प्रतियोगिता का आयोजन



वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** आजादी का अमृत महोत्सव' के प्रथम चरण के अंतर्गत राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक विशेष 'तिरंगा राखी प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सद्भावना कल्चरल क्लब और सांस्कृतिक समिति द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया कार्यक्रम में हर्षोल्लास के साथ छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में रचनात्मकता और राष्ट्रप्रेम की भावना को बढ़ावा देना था। छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए तिरंगे के तीन रंगों केसरिया, सफेद और हरा पर आधारित मनमोहक राखियां बनाई। राखियों में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिखाई दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बृज भूषण ने कहा कि ऐसे आयोजन ना केवल उनकी कला को निखारते हैं, बल्कि उन्हें देश की गौरवशाली संस्कृति और राष्ट्रीय भावना से भी जोड़ते हैं। प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में महाविद्यालय का स्टाफ एवं दर्जनों छात्राएं मौजूद रही।

# सिंचाई विभाग के नाले पर कब्जे करने का आरोप

वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** कस्बा निवासी सभासद ने तीन किसानों पर सिंचाई विभाग के नाले की मिट्टी का भराव कर उस पर फसल खड़ी करने एवं विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाकर पीड़ित ने जिला अधिकारी को पत्र भेज कर नाले की जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। गुरुवार को कस्बा निवासी सभासद इस्माइल सिद्दीकी ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर बताया कि कस्बा निवासी तीन किसानों ने सिंचाई विभाग के नाले में मिट्टी भराव करते हुए नाले के बराबर से गुजर रही पटरी वह नाले पर अवैध रूप से कब्जा



करके ईंट की फसल बो दी है। नाला बंद हो जाने के कारण बरसात के पानी की निकासी की समस्या नगर के लोगों को हो रही है। नगर निवासी कोई व्यक्ति व किसान जमीन को कब्जा मुक्त करने की मांग करते हैं तो तीनों आरोपी मारपीट व गलौज करने पर उतारू हो जाते हैं। पीड़ित के द्वारा बताया गया की कस्बे का ज्यादातर निकासी का पानी नाले से गुजर कर बागपत की सीमा तक जाता है।

# 11 अगस्त को मनाया जाएगा कृमि मुक्ति दिवस, बैठक आयोजित

वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** नगर के सरकारी अस्पताल के सभागार में चिकित्सक प्रभारी ने क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी महिलाओं के साथ समीक्षा बैठक आयोजित करते हुए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के बारे में जानकारी दी इस दौरान दर्जनों महिला स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। गुरुवार को नवनियुक्त चिकित्सक प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने आंगनबाड़ी महिलाओं के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने आंगनबाड़ी महिलाओं को बताया कि पेट के कीड़ों से छुटकारा पाने के लिए आगामी 11 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान सभी अपने क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम चलाएं और बताएं



कि 1 साल से लेकर 19 साल के सभी बच्चों, किशोर, किशोरियों को कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। इस दौरान सभी स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों पर निशुल्क दवाई खिलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त गैर पंजीकरण और स्कूल न जाने वाले बच्चों को भी दवाई नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्रों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाकर जरूर खिलाएं। इस दौरान उन्होंने सभी आंगनबाड़ी महिलाओं से समीक्षा करते हुए उनके अभिलेखों की जांच पड़ताल की। औ लापरवाही नहीं बरतने की नसीहत दी चिकित्सक प्रभारी ने कहा कि सभी ईमानदारी के साथ कार्य करें और सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचने का कार्य करे लापरवाही बरतने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम कार्यक्रम में मौजूद रही।

# विधायक ने किया कौशल रथ यात्रा का शुभारंभ




वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** विकास खंड क्षेत्र के गांव किवाना के आर्य वैदिक कन्या इंटर कालेज में रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चौधरी जयन्त सिंह की प्रेरणा से संचालित कौशल विकास मंत्रालय की ओर से कौशल रथ छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर की बेसिक ट्रेनिग के लिए भेजी गई। कम्प्यूटर से सुसज्जित बस कौशल रथ का शुभारंभ रालोद के सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और ग्रामवासियों के साथ किया। इस दौरान विधायक प्रसन्न चौधरी ने बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि रालोद अध्यक्ष ने क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए कनियान गांव में अपनी निधि से लाखों रुपए का स्टेडियम बनवाया है। आज के आधुनिक दौर में छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर का ज्ञान होना जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन राजवीर चौहान ने किया। इस दौरान प्रधानाचार्य कमलेश देवी, पंकज प्रधान, सुधीर कुमार, रामकुमार ठेकेदार, नरेशपाल, बृजपाल ठेकेदार ओर ब्रह्मपाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# धन्वंतरि शाखा द्वारा हरियाली तीज उत्सव का आयोजन

वेलकम इंडिया



**झांसी!** भारत विकास परिषद धन्वंतरी शाखा झांसी द्वारा होटल बुंदेलखंड प्राईड में हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें धन्वंतरि शाखा की समस्त पदाधिकारी और सदस्यों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया । कार्यक्रम का प्रारंभ

शाखा सचिव नीलम रवि कुमार ने शिव जी के भजन गायन से किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से गीत, नृत्य, एक्टिंग, कैटवॉक, की प्रस्तुति दी गई जिसका जजमेंट निवर्तमान अध्यक्ष रजनी गुप्ता द्वारा किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में डॉ केश गुप्ता हरियाली क्वीन चुनी गई तथा रनरअप विजेता श्वेता माहेश्वरी और लवली रही । सभी प्रतिभागियों को शाखा अध्यक्ष डॉ दीपा राय तथा जज के रूप में रजनी गुप्ता ने गिफ्ट और मोमेंटो देकर प्रोत्साहित किया। शाखा की निवर्तमान अध्यक्ष रजनी गुप्ता ने सभी विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम में मीरा वर्मा, शशि गुप्ता, ममता गुप्ता, रजनी गुप्ता, रंजीता तमर, रुक्मणि, प्रियंका यादव , स्नेहा और लवली साहू आदि उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष संगीता गुप्ता तथा अंत में सचिव नीलम ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# प्राथमिक विद्यालय में हुआ जल भराव



वेलकम इंडिया

झांसी जनपद में लगातार हो रही बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं वही आपको बता दें कि झांसी जिले के अंतर्गत आने वाले बंगरा ब्लॉक के सेकरा धवा के प्राथमिक विद्यालय में जल भराव होने की वजह से कक्षा 1 से 5 तक के छात्र छात्राएं मजबूरन उस गंदे पानी से निकलने को मजबूर है वही आपको बता दें कि गांव का गंदा पानी स्कूल के अंदर भर जाता है और जिस वजह से पानी स्कूल से बाहर नहीं निकल पाता पानी निकासी ना हो पाने की वजह से यहां पानी भर जाता है जब इस संबंध में न्यूज नेशन के द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी दीपक श्रीवास्तव से जानकारी चाहिए तो उनके द्वारा बताया गया कि स्कूल में गांव का पानी खेल के मैदान में भर जाता है जिस वजह से बच्चे वहां से नहीं निकाल पाते हैं और बच्चों के लिए पास में बने पंचायत भवन पवन मैं शिक्षा ग्रहण करने के लिए अध्यापक को बोला गया है जल्द ही खंड विकास अधिकारी बंगरा को इस संबंध में जानकारी देकर विद्यालय परिसर में मिट्टी डलवाने का कार्य किया जाएगा जब तक के लिए बरसात बंद नहीं हो जाती जब तक बच्चे पंचायत भवन में सुरक्षित जगह पर शिक्षा ग्रहण करेंगे।

# कटिया डाल की जा रही बिजली चोरी



वेलकम इंडिया

**झांसी** ।नगर में इन दिनों खुलेआम और बे-रोकटोक बिजली चोरी की जा रही है। नगर के शिवपुरी हाइवे पर ( गुप्ता जी पेट्रोल पंप के समीप ) सैकडों की तादाद में लोगों द्वारा सफेद तार का प्रयोग कर बिजली की चोरी की जा रही है ! श्रीराम ढाबा के सामने (गुप्ता जी पेट्रोल पंप के समीप ) शिवपुरी हाइवे पर बिजली चोरों ने सीधा पोल से सफेद तार से कटिया जोड़ लिया है।हालांकि ये कारनामा थोड़ा रिस्की भी है परंतु लोगों को इस बात से कोई गुरेज नहीं है और खुलेआम बिजली चोरी की जा रही है।नगर के प्रमुख हाइवे शिवपुरी रोड पर ( गुप्ता जी पेट्रोल पंप के पास ) हाइटेंशन लाइन जा रही है। इस हाइटेंशन लाइन के पोल पर दर्जनों लोगों द्वारा डायरेक्ट कटिया जोड़कर बिजली का प्रयोग किया जा रहा है । उक्त उपभोक्ताओं को कनेक्शन नहीं हैं परंतु चर्चा ये है कि विभाग के ही कुछ कर्मियों से मिलकर यहां के लोगों को बिजली चोरी शुरू करवा दी है। बिजली चोरी करने में न केवल गरीब तबके के लोगों द्वारा ही नहीं की जा रही है बल्कि बिजली की चोरी सभी वर्ग के लोगों द्वारा की जा रही है। शिवपुरी हाइवे पर अधिकांश होटलों ,फैक्ट्रियों और रसूखदारों द्वारा बिजली चोरी की जा रही है।

# स्वदेशी जागरण मंच स्वदेशी अपनाने के लिए जनता में जागरूकता पैदा कर रहा है

वेलकम इंडिया




**झांसी!** स्वदेशी जागरण मंच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा स्वदेशी के आह्वान का स्वागत करता है, जहाँ प्रधानमंत्री ने कहा है कि स्वदेशी उत्पादों की खरीद और बिक्री भी राष्ट्र की सच्ची सेवा है। 1991 में अपनी स्थापना के बाद से ही स्वदेशी जागरण मंच स्वदेशी अपनाने के लिए जनता में जागरूकता पैदा कर रहा है। मंच का दृढ़ विश्वास है कि हमारा राष्ट्र स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के आधार पर ही समृद्ध हो सकता है वैश्विक अनिश्चितताओं की वर्तमान परिस्थितियों में, जहाँ वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं, भुगतान प्रणालियों और वैश्विक मुद्राओं को हथियार बनाया जा रहा है, अमरीका और अन्य देश अधिक से अधिक संरक्षणवादी बन रहे हैं और टैरिफ दीवारों और अन्यायपूर्ण गैर-टैरिफ बाधाओं का उपयोग करके वैश्विक निर्यात को अवरुद्ध किया जा रहा है, कुछ देशों, विशेष रूप से चीन द्वारा अतिरिक्त क्षमताओं के आधार पर माल डंप किया जा रहा है, और हमारे विनिर्माण को खत्म करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। ऐसे में स्वदेशी राष्ट्रीय हितों की रक्षा का एक महत्वपूर्ण साधन हो सकता है। हालाँकि, प्रधानमंत्री ने भारतीयों द्वारा विदेशी विवाहों से परहेज करने का उदाहरण दिया है, स्वदेशी जागरण मंच का मानना है कि मूल्यवान विदेशी मुद्रा बचाने के और भी कई उपाय हो सकते हैं। सामान्य रूप से विदेशी वस्तुओं का न्यूनतम उपयोग; और चीन, तुर्की व अन्य विरोधी देशों की वस्तुओं और सेवाओं का बहिष्कार करना, कुछ अपवादों को छोड़, विदेशी विश्वविद्यालयों में अध्ययन का मोह त्यागना, स्थानीय उत्पादों का उपयोग और कारीगरों को बढ़ावा देना, न केवल मूल्यवान विदेशी मुद्रा बचाने में सहायक हो सकता है, बल्कि विकास के विकेंद्रीकृत मॉडल के आधार पर स्थानीय स्तर पर रोजगार, आजीविका और लोगों के कल्याण को भी बढ़ावा दे सकता है।

# जेठानी ने देवरानी पर किया धारदार हथियार से हमला, हालत गंभीर




वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली**। बारादरी थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह घरेलू विवाद ने उस वक्त हिंसक रूप ले लिया, जब अशोक विहार कॉलोनी में एक महिला पर उसकी जेठानी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता क्षमा ठाकुर की अपनी जेठानी शिखा से किसी पारिवारिक मुद्दे को लेकर कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि शिखा ने गुस्से में आकर धारदार हथियार से क्षमा पर हमला बोल दिया। इस हमले में क्षमा के शरीर पर कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। इस घटना के बाद परिवार वालों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस मामले को लेकर बारादरी थाना पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। प्राथमिक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं, दोषी के खिलाफ निश्चित ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सांसद रमाशंकर राजभर पर अमर्यादित टिप्पणी का लगा आरोप

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली**। देश की संसद (लोकसभा) में समाजवादी पार्टी के सांसद द्वारा तेली समाज को लेकर की गई टिप्पणी पर बरेली में भी तेली समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उत्तर प्रदेश साहू, राठौर, मोदी एकता मंच के बैनर तले एकत्र हुए तेली समाज के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचकर संसद की लोकसभा अनुशासन समिति के अध्यक्ष को सम्बोधित एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। मंच के सदस्यों की मांग है कि सम्बंधित सांसद के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। आपको बता दें कि देश की संसद (लोकसभा) में 71 लोकसभा क्षेत्र सलेमपुर जनपद देवरिया के निर्वाचित सांसद रमाशंकर राजभर ने 27 जुलाई 2025 को अपने मोबाइल से एक आपत्तिजनक पोस्ट की थी, जिसमें लिखा था ₹हिन्दु शुभम गुप्ता हिन्दु धर्म में तेली का मुँह देखना पाप है।₹ इस पोस्ट को लेकर तेली समाज में आक्रोश व्याप्त है। इसी मामले को लेकर बरेली में गुरुवार को तेली समाज के लोग उत्तर प्रदेश साहू, राठौर, मोदी एकता मंच के बैनर तले भारी संख्या में सेठ दामोदर पार्क पर एकत्र हुए उसके बाद जिलाधिकारी कार्यालय पहुँच कर अपनी मांगों से सम्बंधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष विजय कुमार साहू ने कहा कि लोकसभा के सांसद रमाशंकर राजभर के द्वारा की गई पोस्ट से तेली समाज आक्रोशित है, ऐसे में संसद (लोकसभा) की अनुशासन समिति के अध्यक्ष तत्काल को तत्काल उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह पोस्ट वायरल होने के बाद पूरे देश का तेली समाज आहत हुआ है। इस अवसर पर धीरज साहू, कैलाश साहू, भीम सेन राठोर, राजेन्द्र राठोर, मिश्रीलाल साहू, सूरज राठौर, चन्द्र सेन साहू, रुण शाह, अटल विहारी साहू, सचिन साडू, यस पाल राठौर, खेमपाल साहू, मन्जीव राठौर, शिव मंगल, राठौर, चन्द्रपाल राठौर आदि तेली समाज के लोग मौजूद रहे।

# बरेली के प्रेमनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार तड़के पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली**। थाना प्रेमनगर पुलिस ने गुरुवार की सुबह एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 25-25 हजार के इनामी दो कुख्यात बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया। दोनों के कब्जे से लूटी गई सोने की चेन, दो तमंचे, 6 कारतूस, 45 हजार रुपए नकद और घटना में प्रयुक्त चोरी की स्प्लेंडर बाइक बरामद की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 5:30 से 6:00 बजे के बीच थाना प्रेमनगर पुलिस की टीम प्रेमनगर धर्म कांटा से कुदेशिया पुल की ओर जा रही एक काली स्प्लेंडर बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवकों को रोकने का प्रयास कर रही थी। लेकिन दोनों ने रुकने के बजाय पुलिस पर जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिसमें दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी और उन्हें मौके से ही घायल हालत में दबोच लिया गया। गिरफ्तार बदमाशों में से पहले ने अपना नाम सलमान पुत्र जमशेद अहमद, उम्र 26 वर्ष, निवासी लोको कॉलोनी, गली नंबर 15, थाना सिविल लाइन, जनपद अलीगढ़ और दूसरे बदमाश ने अपना नाम इस्लाम कादिर पुत्र आरिफ खान, उम्र 23 वर्ष, निवासी मोहल्ला बानाखाना, थाना प्रेमनगर, बरेली बताया है। दोनों इनामी बदमाश हैं जिनके सिर पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। इन्हें चंपतराय की बगिया के पास से गिरफ्तार किया गया। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मुठभेड़ को लेकर क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम, आशुतोष शिवम ने बताया है कि ₹गिरफ्तार बदमाश हाल ही में थाना प्रेमनगर क्षेत्र में दो लूट की घटनाओं में शामिल पाए गए हैं। पूछताछ में उन्होंने अपने अपराध को कबूल किया हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के बाद दोनों को गिरफ्तार किया। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# एडीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर वर्तमान में वर्षा ऋतु के दृष्टिगत तथा जनपद में प्रवाहित गंगा नदी के जल स्तर में वृद्धि के दृष्टिगत गुरुवार को अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) द्वारा तहसील अनूपशहर के निचले इलाकों / स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। तहसील अनूपशहर में मौहल्ला गंगा द्वार के समीप स्थित लाल महादेव घाट की सीढ़ियों मात्र तक गंगा नदी का पानी पहुँचा है। वर्तमान में कोई भी रिहायशी स्थान बढ़े हुए जल स्तर से प्रभावित नहीं है। तहसील अनूपशहर में 05 बाढ चौकियां एवं 05 राहत शिविर स्थापित किये गये हैं। बाढ़ चौकियों का निरीक्षण किया गया। समस्त बाढ़ चौकियों पर राजस्व विभाग, विकास विभाग आदि विभागों के कार्मिकों की ड्यूटियों लगायी गयी हैं। गंगा नदी से सटे क्षेत्रों में लगातार पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से जन सामान्य को गंगा नदी के प्रवाह क्षेत्र से दूर रहने के लिए सचेत किया जा रहा है। तहसील क्षेत्रान्तर्गत बढ़े हुए जल स्तर से किसी फसल हानि की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गंगा के प्रवाह व जल स्तर के संबंध में सतर्क दृष्टि बनाये रखें। जनपद स्तर पर 24७७ अवधि हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका सम्पर्क नम्बर 05732-297021, 297022, 297023 है।

# सड़क पर बवाल: मांस की दुर्गंध पर भड़के कांवड़िये, डीसीएम में लगाई आग

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**शाहजहांपुर**। बदायूं-फर्रुखाबाद मार्ग पर गुरुवार तड़के उस वक्त अफरा तफरी मच गई, जब पटना देवकली मंदिर में जलाभिषेक के लिए जा रहे कांवड़ियों ने एक डीसीएम वाहन से मांस जैसी दुर्गंध आने पर उसे रोककर उसे आग के हवाले कर दिया। इस घटना को लेकर मौके पर भारी तनाव की स्थिति बन गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात संभाला और कांवड़ियों को जैसे तैसे शांत कराया। आपको बता दें कि यह घटना जलालाबाद थाना क्षेत्र के कलान कस्बे के पास की है। शिवतेरस के अवसर पर बड़ी संख्या में कांवड़िये पटना देवकली मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान एक डीसीएम से संदिग्ध दुर्गंध आने पर कांवड़ियों ने उसे रुकवाने की कोशिश की, लेकिन चालक ने डीसीएम की रफ्तार तेज कर दी। कांवड़ियों ने वाहन का पीछा कर किसी तरह उसे रुकवाया, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। वाहन में मांस होने की आशंका जताते हुए गुस्साए कांवड़ियों ने डीसीएम में आग लगा दी। जिसके बाद देखते ही देखते वाहन धू-धू कर जल उठा। सूचना पर परौर और कलान थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित कांवड़ियों को जैसे तैसे समझाकर शांत कराया गया।

# शास्त्री मार्केट में गिरा दुकान का छज्जा, बाजार बंद होने के कारण टला बड़ा हादसा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली**। गुरुवार को कुतुबखाना स्थित शास्त्री मार्केट में एक बड़ा हादसा टल गया। इस हादसे में शास्त्री मार्केट की एक दुकान का छज्जा गिरने से आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। जिस दुकान का छज्जा गिरा है वो एक क्रॉकरी शॉप बताई जा रही है। आपको बता दें कि यह मामला गुरुवार सुबह का बताया जा रहा है। आदित्य भसीन व सुनील भसीन शास्त्री मार्केट में क्रॉकरी शॉप चलाते हैं। उनकी दुकान का छज्जा अचानक भरभराकर गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने दुकानदार को सूचना दी तो वह भी मौके पर पहुंचे। इस हादसे में किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। शास्त्री मार्केट कुतुबखाना के व्यस्त बाजार के बीचो-बीच घनी आबादी में मौजूद है। हर समय यहां व्यापारियों और खरीदारों का जमावड़ा लगा रहता है। गनीमत रही कि गुरुवार होने के कारण सभी दुकानें बंद थीं। नहीं तो बड़ा हादसा भी हो सकता था।

# एसएसपी ने जनपद के सभी कोर्ट मोहर्रिर/पैरोकारों के साथ गोष्ठी आयोजित कर निर्देशित किया

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में जनपद के सभी कोर्ट मोहर्रिर/पैरोकारों के साथ गोष्ठी आयोजित कर निर्देशित किया गया कि सभी आपस में सांमजस्य स्थापित कर अपना-अपना कार्य सही प्रकार से करें, जिससें लोगों को समय से न्याय मिल सके तथा न्यायालय से संबंधित अभिलेखों को अपडेट रखा जाए तथा दैनिक कार्य के अभिलेख अपडेट रखे जाये, रूटीन कार्य की डायरी बनायी जायें एवं अभियोगों का त्वरित निस्तारण करवाने व अपराधियों को शीघ्र सजा दिलवाने हेतु शमन, नोटिस व वारंट को समय से तामील कराने एवं गवाहों को समय से माननीय न्यायालय में उपस्थित कराने तथा न्यायालय की अपेक्षा पर अभिलेख समय से माननीय न्यायालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

# मोदी कॉलेज में तिरंगा राखी बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्र के क्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक गाजियाबाद डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा के निर्देशों के अंतर्गत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल के अध्यक्षता में विद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में हर घर तिरंगा की भावना, राष्ट्रीय अस्मिता, देशभक्ति गौरव के जन भागीदारी आंदोलन के रूप में तिरंगा राखी बनाने की प्रतियोगिता छात्रों के मध्य आयोजित की गई।

जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। ये राखियां जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से सैनिकों और पुलिसकर्मियों को भेजी जाएंगी।2022 से हर घर तिरंगा अभियान विद्यालय में भव्य रूप में आयोजित किया जा रहा है ।यह अभियान छात्रों के लिए उन स्वतंत्रता सैनानियों और सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक विशेष अवसर भी है जिन्होंने राष्ट्र की सेवा और तिरंगे के सम्मान में अपने प्राणों की आहुति दी है ।इस प्रतियोगिता के आयोजन में विद्यालय की कला प्रवक्ता वर्षा रानी और रेखा रानी नरेश प्रजापति मयंक कुमार गौरव त्यागी का विशेष सहयोग रहा ।प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय में कल एक विशाल तिरंगा साइकिल रैली और तिरंगा रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार सिंह, तेजपाल सिंह, लाल मोहन सिंह ,अजय कुमार संजीव कुमार प्रवीण जैनर आदि उपस्थित थे।

# महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के छात्रों ने वीर सैनिकों के लिए राखियां भेजीं



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज, गोविंदपुरी, मोदीनगर के छात्रों ने देशभक्ति और कृतज्ञता की मिसाल पेश करते हुए देश के वीर सैनिकों के लिए राखियां भेजीं। यह पहल देश की रक्षा में समर्पित जवानों के प्रति सम्मान और अपनत्व व्यक्त करने के उद्देश्य से की गई ।विद्यालय के छात्रों ने अपने हाथों से सुंदर राखियों का निर्माण किया और उन्हें स्नेह व सम्मान के साथ सीमा पर तैनात सैनिकों को भेजा। इस अवसर पर बच्चों ने वीर सैनिकों के नाम भावनात्मक आभार पत्र भी लिखा, जिसमें उन्होंने सैनिकों के त्याग, सेवा और समर्पण के प्रति गहरी कृतज्ञता प्रकट की। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ अंशु सिंह ने बताया कि यह आयोजन न केवल बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत करता है, बल्कि उन्हें यह भी सिखाता है कि हमारे सैनिकों की निस्वार्थ सेवा का सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है।

# दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने छीने मोबाइल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन क्षेत्र में मोबाइल झपटमारी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामले में बाइक सवार बदमाशों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो लोगों से मोबाइल फोन झपट लिए और फरार हो गए। इन वारदातों से न केवल आमजन में भय का माहौल है, बल्कि कानून व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। दोनों घटनाएं 24 और 28 जुलाई की हैं, लेकिन रिपोर्ट 6 अगस्त को दर्ज की गई, जिससे पुलिस की गंभीरता भी कटघरे में है। पहली घटना साहिबाबाद थाना क्षेत्र की है, जहां करहेड़ा निवासी रूपेश राय 24 जुलाई की दोपहर लगभग सवा एक बजे हिंडन एयरफोर्स स्टेशन के पास एक्सिस बैंक एटीएम के बाहर मोबाइल पर बात कर रहे थे। अचानक एयरफोर्स गोलचक्कर की ओर से दो युवक बाइक पर सवार होकर आए और झपट्टा मार दिया। एक युवक बाइक से उतरकर रूपेश को धक्का देकर उनका मोबाइल छीनकर तेजी से फरार हो गया। यह पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई है, जिसमें एक बदमाश का चेहरा भी साफ दिख रहा है। दूसरी घटना 28 जुलाई को राजेन्द्र नगर सेक्टर-2 की रहने वाली श्रेयद्वीप के साथ घटी। वह शाम को घर लौट रही थीं, तभी गुरुद्वारा रोड पर स्कूटी सवार दो बदमाश पीछे से आए और उनका आईफोन झपटकर भाग गए। पीड़िता ने शोर मचाकर बदमाशों को पकडे की कोशिश की, लेकिन वे फरार हो गए। मोबाइल के कवर में रखे तीन हजार रुपये भी साथ ही चले गए। श्रेयद्वीप ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और शालीमार गार्डन थाने में शिकायत भी दर्ज कराई। इन वारदातों के बाद डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि ऐसे मामलों में तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर प्रभावी कार्रवाई की जाए।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रक्षाबंधन के पावन पर्व का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय, मोदीनगर में रक्षाबंधन के पावन पर्व का भव्य आयोजन आध्यात्मिक उल्लास एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ. मंजू सिवाच तथा विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्र.कु. सुनीता दीदी (वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका, मेरठ प्रभु मिलन केंद्र) द्वारा मधुर मुरली-पाठ एवं शक्तिशाली साक्षात्कार के साथ हुआ। उन्होंने अपने प्रेरणाप्रद प्रवचन में बताया कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों को आत्मबल और सकारात्मक चिंतन द्वारा कैसे पार किया जा सकता है। उन्होंने विकारों से मुक्त होकर आत्म-शक्ति जाग्रत करने के सूत्र भी साझा किए ।मुख्य अतिथि डॉ. मंजू सिवाच ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व आत्मीयता, रक्षा, मयार्दा और विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने सशक्त पारिवारिक और सामाजिक संबंधों को सभ्य समाज की नींव बताया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुचेता सिंह ने ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा प्रदान की जाने वाली आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर ऐसे आध्यात्मिक केन्द्रों से जुड़कर जीवन को दिशा देनी चाहिए। कार्यक्रम का कुशल संचालन सुमित वर्मा द्वारा किया गया। तत्पश्चात, बी.के. नीतू दीदी ने समस्त उपस्थित भाई-बहनों को राखी बाँधी एवं भोग-प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में, मोदीनगर सेंटर की मुख्य संचालिका बी.के. नीतू दीदी ने सभी गणमान्य अतिथियों, आगंतुकों एवं श्रद्धालु जनों के प्रति हृदयतल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी से यह भावपूर्ण अपील की कि आज के शुभ दिन पर कम-से-कम एक विकार का त्याग करें और आत्म-कल्याण के मार्ग पर अग्रसर हों।₹इस शुभ अवसर पर पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी सीता राम मीणा, योगेन्द्र शर्मा, अक्षय शर्मा, कवयित्री मनीषा 'शिखर', बी.के. कुंतेश, बी.के. वर्षा, बी.के. आरती, बी.के. शालू, नरेश, किरण पाल, सत्यप्रकाश, हरिकसाना, अनमोल सिंह, संजीव चौधरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# चाइनीस मांझा बना जान का दुश्मन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आजादी का पर्व हो या भाई-बहन के प्यार का त्योहार स्वतंत्रता दिवस और रक्षाबंधन के आसपास आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से सज उठता है, लेकिन इसी उत्सव के बीच एक खामोश कातिल चाइनीस मांझा भी उड़ान भर रहा है। ग्लास कोटेड और नायलॉन से बना यह मांझा जितना तेज है, उतना ही खतरनाक भी। यह न केवल इंसानों को घायल कर रहा है, बल्कि पक्षियों की जान भी निगल रहा है। जनपद में इस वर्ष अब तक चाइनीस मांझे से जुड़े 27 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें अधिकतर लोगों की गर्दन पर गंभीर चोटें आईं। हाल ही में संजय नगर में स्कूटी सवार एक युवक की गर्दन मांझे में उलझ गई, जिससे वह सड़क पर लहूलुहान हो गया। मोहननगर, लोनी, विजय नगर और साहिबाबाद जैसे इलाकों में यह घातक मांझा चोरी-छिपे दुकानों में धड़ल्ले से बिक रहा है, जबकि प्रशासन ने इस पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा रखा है। छापेमारी और निगरानी की बात कही जा रही है, लेकिन धरातल पर हालात जस के तस हैं। पुलिस और नगर निगम प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि चाइनीस मांझे की खरीद-फरोख्त न करें और न ही किसी को करने दें।

पेट्रोलिंग टीमों को सतर्क कर दिया गया है, लेकिन प्रशासन मानता है कि असली बदलाव तब आएगा जब आमजन खुद जागरूक होगा।

# वैश्विक दृष्टिकोण और नेतृत्व की पाठशाला बना डीपीएसजीएमयूएन 2025

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मेरठ रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक कार्यक्रम डीपीएसजीएमयूएन 2025 में सुंदरदीप ग्लोबल विश्वविद्यालय (एसडीजीआई) के प्रो-वाइस चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव (भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी) ने मुख्य अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को संयुक्त राष्ट्र संघ के मॉडल सत्र के माध्यम से वैश्विक मुद्दों पर संवाद, विमर्श एवं समाधान निर्माण की वास्तविक प्रक्रिया से परिचित कराना था। कार्यक्रम में देशभर से आए लगभग 500 प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विभिन्न सत्रों में अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, पर्यावरणीय संकट, राजनीतिक आतंकवाद, पत्रकारिता की भूमिका, कूटनीति और नेतृत्व कौशल जैसे ज्वलंत विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। विद्यार्थियों ने गंभीर विषयों पर अपनी सोच, चिंतन और समाधान प्रस्तुत कर यह प्रमाणित किया कि भारत का युवा वर्ग वैश्विक चुनौतियों का समाधान देने में सक्षम है। मुख्य अतिथि के रूप में अपने प्रेरणास्पद संबोधन में पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को वैश्विक दृष्टिकोण, कूटनीतिक समझ और नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण गुणों को आत्मसात करने का अवसर प्राप्त होता है। यह अनुभव उन्हें न केवल जिम्मेदार नागरिक बनाता है, बल्कि आने वाले समय में वे राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने में सक्षम बनते हैं। इस अवसर पर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की महाप्रबंधक (उद्योग) डॉ. सीमा सिंह विश्नोई विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्घाटन गाजियाबाद के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीरज गीता और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रख्यात प्रोफेसर डॉ. अंशु जोशी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# हाउस टैक्स विवाद ने पकड़ा तूल, नगर निगम पर भरोसा उठने लगा, पार्षदों और जनता में गहरा रोष

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम गाजियाबाद की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। 30 जून को बुलाई गई विशेष बोर्ड बैठक में हाउस टैक्स वृद्धि के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से निरस्त कर दिया गया था। इस बैठक में पार्षदों के साथ-साथ गाजियाबाद महानगर के तीनों विधायक, स्थानीय सांसद और महापौर ने भी एक स्वर में इसका विरोध किया था। इसके बावजूद हाउस टैक्स के बड़े-बड़े बिल उपभोक्ताओं को लगातार भेजे जा रहे हैं, जिससे पूरे शहर में आक्रोश की लहर है। बोर्ड बैठक के बाद पार्षदों ने 4 जुलाई को नगर निगम के अपर सचिव से मुलाकात कर बैठक की मिनिट्स की कॉपी मांगी थी। अधिकारियों ने 10 दिन का समय मांगा। जब 10 दिन बाद दोबारा पूछा गया, तो फिर टाल दिया गया। इसके बाद 18 जुलाई को बड़ी संख्या में पार्षदों ने नगर निगम में डेरा डाल दिया और लगातार तीन दिन तक मिनिट्स की मांग करते रहे। 20 जुलाई की सुबह नगर आयुक्त ने पार्षदों को अपने कार्यालय में बुलाकर आश्वासन दिया कि 25 जुलाई तक बोर्ड बैठक की मिनिट्स की कॉपी सौंप दी जाएगी। साथ ही यह भी कहा गया कि उपभोक्ताओं को फिलहाल हाउस टैक्स के संशोधित बिल नहीं भेजे जाएंगे और 20त्न की छूट की सीमा सितंबर तक बढ़ा दी जाएगी। इस संबंध में पत्र भी पार्षदों को सौंपा गया। लेकिन जैसे ही यह बयान अखबारों की सुर्खियों में आया, नगर निगम की ओर से मैसेज भेजना अचानक बंद कर दिया गया। अब, एक बार फिर नगर निगम द्वारा बड़े हाउस टैक्स बिलों के मैसेज उपभोक्ताओं को भेजे जा रहे हैं। इससे न केवल पार्षदों का विश्वास डगमगाया है, बल्कि आमजन में भी गहरी नाराजगी फैल चुकी है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब बोर्ड बैठक में प्रस्ताव निरस्त हो चुका है, तो एक महीने से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी उसे औपचारिक रूप से लागू क्यों नहीं किया गया।

# केंद्र सरकार सतपाल मलिक को मरणोपरांत राजकीय सम्मान की सार्वजनिक स्वीकृति दे- ब्रजवीर दहिया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया ने कहा कि भारत के संवैधानिक इतिहास में जिन व्यक्तियों ने सत्य और न्याय के लिए अपनी आवाज बुलंद की ? उनमें सतपाल मलिक का नाम अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है। वे न केवल पांच राज्यों के राज्यपाल और उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त प्रशासनिक जिम्मेदारियां रही बल्कि उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में लोकतंत्र किसान और जनहित की रक्षा के लिए केंद्र सरकार की नीतियों के विरुद्ध भी साहसिक आवाज उठाई। ऐसे व्यक्ति को मरणोपरांत राजकीय सम्मान तक ना देना यह केवल एक व्यक्ति का नहीं ₹संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक चेतना₹ का अपमान है । सरकार द्वारा अपनाया गया यह राजनीतिक भेदभाव न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि है। साबित करता है कि जो व्यक्ति सत्ता के विरुद्ध जनहित की बात करेगा उसे मृत्यु के बाद भी अपमानित किया जाएगा। हम पूछते हैं । क्या यह लोकतंत्र में आलोचना की जगह को खत्म करने का संकेत नहीं है । क्या सरकार अब संवैधानिक पदों पर रहे व्यक्ति को भी राजनीतिक चश्मे से देखेगी ? क्या सत्यपाल मलिक जैसे राष्ट्र सेवक को भी राजकीय के सम्मान के लिए योग्य नहीं समझ गया ? ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन इसकी कड़ी निंदा करता है और मांग करता है कि-- केंद्र सरकार सतपाल मलिक को मरणोपरांत राजकीय सम्मान की सार्वजनिक स्वीकृति दे ।संसद और राज्यों की विधानसभा में श्रद्धांजलि प्रस्ताव पारित किए जाए। उनके जीवन और विचारों पर सरकारी स्मृति ग्रंथ या शोध कार्य प्रकाशित कराया जाए। यदि सरकार ने जल्द इस अपमानजनक चुप्पी को नहीं तोड़ा तो देश भर में पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से लोकतांत्रिक आंदोलन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह शासन की होगी।

# माय भारत बुलंदशहर द्वारा सरकारी योजनाओं पर आधारित कार्यशाला का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया




**बुलंदशहर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बुलंदशहर में केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी आकर्ष दीक्षित ने की। मुख्य अतिथि उपनिदेशक प्रवीण उपाध्याय ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा कि सरकारी योजनाओं का सही लाभ तभी मिल सकता है जब उनकी सटीक जानकारी आमजन तक पहुंचे। कार्यक्रम में डॉ. गौरव सक्सेना ने आयुष्मान भारत योजना, राजीव कुमार ने प्रधानमंत्री कौशल विकास और स्वरोजगार योजनाओं, डॉ. कमलेंद्र भारद्वाज ने स्वास्थ्य सेवाओं और टीकाकरण अभियान की महत्ता तथा डॉ. ललित यादव ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जानकारी प्रस्तुत की। इसके अलावा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना सहित अन्य योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

युवाओं और छात्र-छात्राओं ने कार्यशाला में गहरी रुचि दिखाई और भविष्य में इन योजनाओं का लाभ समाज और स्वयं के हित में उठाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन तुषार वर्मा, लेखा एवं कार्यक्रम सहायक द्वारा किया गया।

# नियमों का पालन ना करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी -खण्ड शिक्षा अधिकारी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में निहित प्राविधानों अनुसार पब्लिक स्कूल राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त करने के उपरान्त ही संचालित हो सकता है तथा सरकार से जिन कक्षायों के संचालन हेतु मान्यता मिलेगी उन कक्षाओं से इतर कक्षायें संचालित पाये जाने अथवा अमान्य कक्षायें संचालित पाये जाने पर अमान्य विद्यालय के संचालनकर्ता पर एक लाख रुपए जुमार्ना तथा उसके बाद भी अमान्य विद्यालय/अमान्य कक्षायें संचालित पाये जाने पर दस हजार रुपए प्रतिदिन का जुमार्ने का प्राविधान है। उक्त नियमों के अनुपालन हेतु शुक्रवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी भोजपुर महिमा दयाल द्वारा सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजपुर का निरीक्षण किया गया। सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजपुर को कक्षा 1 से कक्षा 5 तक की मान्यता प्राप्त है। निरीक्षण समय विद्यालय में कक्षा 10 तक की अमान्य कक्षायें संचालित पायी गयी। अमान्य कक्षायें संचालित पाये जाने पर प्रबन्धक सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजपुर को इस सम्बन्ध में तत्काल अमान्य कक्षायें बन्द करने एवं 11 अगस्त तक मय साक्ष्य स्पष्टीकरण देने हेतु निर्देशित किया गया। अन्यथा फिर भी अमान्य कक्षायें संचालित पाये जाने पर एक लाख जुमार्ना वसूला जायेगा, एवं सम्बन्धि पुलिस स्टेशन में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी। खण्ड शिक्षा अधिकारी भोजपुर महिमा दयाल बताया कि अब लगातार अमान्य विद्यालय एवं मान्यता से अलग अमान्य कक्षायें संचालन करने वालों के विरूद्ध निरीक्षण करके कार्यवाही की जायेगी।

# ट्रैफिक समस्या से जिले को मिलेगी निजात, डीएम ने तैयार की कार्य योजना

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने गाजियाबाद की बहुप्रतीक्षित ट्रैफिक समस्या को प्राथमिकता में रखते हुए पार्किंग विस्तार और फ्लाईओवर निर्माण जैसे ठोस कदमों की घोषणा की है। जनपद में कार्यभार संभालते ही उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर और हापुड़ चुंगी क्रॉसिंग का निरीक्षण कर मौजूदा समस्याओं को जड़ से खत्म करने की मंशा जाहिर की। जिलाधिकारी ने बताया कि हापुड़ चुंगी क्रासिंग पर एक चार लेन का नया फ्लाईओवर प्रस्तावित है जिसकी लंबाई लगभग 800 मीटर होगी और अनुमानित लागत 98 करोड़ है। इस फ्लाईओवर के बनने से एनएच-9, एनएच-58, मेरठ, दिल्ली और हापुड़ की ओर जाने वाला ट्रैफिक बिना रुके, जाम-मुक्त होकर आगे बढ़ सकेगा। यह फ्लाईओवर डायमंड फ्लाईओवर, शास्त्रीनगर चौराहा, मोहन नगर, ठाकुरद्वारा मोड़ व ऑल्ट सेंटर को जोड़ते हुए क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था को नई दिशा देगा। कलेक्ट्रेट परिसर में अक्सर लगने वाले जाम और अव्यवस्थित पार्किंग को लेकर जिलाधिकारी ने स्वयं निरीक्षण किया। उन्होंने आदेश दिया कि कलेक्ट्रेट परिसर में पार्किंग विस्तार की ठोस कार्ययोजना बनाई जाए, जिससे आम जनता और अधिकारी दोनों को सुविधा मिल सके। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि मैं जनपदवासियों को यातायात जाम से निजात दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा। योजनाएं सिर्फ कागज पर नहीं, जमीन पर नजर आएंगी। जिलाधिकारी ने यूपी ब्रिज कॉर्पोरेशन को हापुड़ चुंगी फ्लाईओवर हेतु डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इससे परियोजना की प्रगति को तेजी मिलेगी और बजट आवंटन की प्रक्रिया को बल मिलेगा। वर्षों पुरानी ट्रैफिक समस्या अब सिर्फ चर्चा का विषय नहीं, एक्शन का एजेंडा बन चुकी है। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की यह सक्रियता जनपदवासियों को राहत देने वाली साबित होगी। उम्मीद की जा रही है कि यह योजनाएं जल्द ही अमल में लाई जाएंगी और गाजियाबाद का ट्रैफिक अब सांस ले सकेगा।

# विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रमों की प्रभावशाली श्रृंखला




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आई.टी.एस डेंटल कॉलेज के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा 1 अगस्त से 7 अगस्त गुरुवार तक विश्व स्तनपान सप्ताह हर्षोल्लास और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम स्तनपान को प्राथमिकता दें: सतत समर्थन प्रणाली बनाएं रही, जिसका मुख्य उद्देश्य था कि प्रत्येक माँ को स्तनपान के लिए आवश्यक जानकारी, समर्थन और आत्मविश्वास प्राप्त हो सके ताकि वह अपने बच्चे को जितनी देर तक चाहे स्तनपान करा सके। यह सप्ताह मातृत्व के महत्व को उजागर करने और माँ व शिशु के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए समर्पित होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की सिफारिश के अनुसार, शिशु के जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान शुरू कर देना चाहिए और पहले छह महीनों तक केवल माँ का दूध ही देना चाहिए। इसके बाद दो वर्ष या उससे अधिक समय तक पौष्टिक पूरक आहार के साथ स्तनपान जारी रखना चाहिए। इसी संदेश को समाज तक पहुँचाने के उद्देश्य से आई.टी.एस डेंटल कॉलेज ने कई स्तरों पर गतिविधियों का आयोजन किया। इस अभियान के अंतर्गत कॉलेज की टीम ने गाजियाबाद के सूर्या अस्पताल (मेटरनिटी वार्ड), ग्राम सुल्तानपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुरादनगर और संजय नगर जिला अस्पताल में जागरूकता सत्र आयोजित किए।

# शालीमार गार्डन में अवैध मंजिल पर चला जीडीए का बुलडोजर



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने अवैध निमार्णों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बनाए गए अतिरिक्त तल और कॉलमों को ध्वस्त कर दिया। यह कार्यवाही उपाध्यक्ष महोदय के निदेर्शों पर और प्रवर्तन जोन-8 की निगरानी में की गई। भूखण्ड संख्या-187, शालीमार गार्डन मेन पर स्वीकृत मानचित्र से हटकर बनाए गए कॉलमों और दीवारों को गिरा दिया गया। इसके अतिरिक्त, भूखण्ड संख्या-436, शालीमार गार्डन एक्स-1, साहिबाबाद पर बिना अनुमति बनाए गए अतिरिक्त तल के निर्माण को भी तोड़ दिया गया। जीडीए अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह निर्माण न तो स्वीकृत मानचित्र में शामिल थे और न ही इनके लिए कोई विधिक अनुमति ली गई थी। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन प्रभारी जोन-8, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर स्टाफ, जीडीए के सुरक्षा कर्मी और थाना शालीमार गार्डन की पुलिस टीम भी मौके पर मौजूद रही।

# गाजियाबाद बना राष्ट्रप्रेम की चेतना का केंद्र

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनपद गाजियाबाद आजादी के 78वें वर्षगांठ पर कुछ अलग कर दिखाने की तैयारी में है। हर घर तिरंगा अभियान को एक विराट जन-आंदोलन के रूप में साकार करने हेतु जिलाधिकारी सभागार में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में इंडिपेंडेंट स्कूल्स फेडरेशन, गाजियाबाद के शीर्ष पदाधिकारी व प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ। यह बैठक सिर्फ एक आयोजन की योजना नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति की चेतना को घर-घर तक पहुंचाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हुई। स्वतंत्रता दिवस को नई ऊर्जा, रंग और राष्ट्रप्रेम के साथ मनाने के लिए 2 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक चलने वाले हर घर तिरंगा महाअभियान को छह दिवसीय कार्यक्रम श्रृंखला में विभाजित किया गया, जिसमें जनपद के प्रत्येक निजी विद्यालय की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में तय की गई योजना के अनुसार 8 अगस्त को सभी विद्यालयों में तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, राखी निर्माण कार्यशाला, निबंध, कविता व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित होंगी। स्कूल भवनों, सूचना पटों और कक्षाओं को तिरंगे की प्रेरणा से सजाया जाएगा। यह दिन बच्चों की रचनात्मकता और देशभक्ति की भावना को जोडे का माध्यम बनेगा। 11 अगस्त को तिरंगा महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि विधायक, महापौर, ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान और पार्षद विद्यालयों में आमंत्रित किए जाएंगे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों की कला, राष्ट्रप्रेम और नेतृत्व को मंच प्रदान किया जाएगा। विजेता विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा। 12 अगस्त को विद्यालयों के एनसीसी, स्काउट और एनएसएस से जुड़े छात्र-छात्राएं तिरंगा रैली में भाग लेंगे। यह रैली शहर और गांवों की सड़कों से गुजरते हुए हर कोने में देशप्रेम का संदेश फैलाएगी। 13 अगस्त को तिरंगा साइकिल यात्रा का आयोजन होगा, जो विद्यार्थियों को एकजुटता, ऊर्जा और अनुशासन का संदेश देगी। इसी दिन सभी विद्यालय भवनों को तिरंगा थीम पर आधारित लाइटिंग से रोशन किया जाएगा, जिससे हर कोना देशभक्ति के रंगों से नहा उठेगा। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर विशेष चित्र प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। छात्रों को विभाजन की पीड़ा, संघर्ष और उसके सामाजिक प्रभावों से अवगत कराया जाएगा, जिससे उन्हें देश की एकता और अखंडता का महत्व समझ में आए। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर परंपरागत झंडारोहण, राष्ट्रगान और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ हर छात्र, शिक्षक व अभिभावक को तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर सरकारी पोर्टल पर अपलोड करने की प्रेरणा दी जाएगी। यह कदम डिजिटल राष्ट्रप्रेम को भी बल देगा।

# मासूमों की खरीद-फरोख्त में लिप्त चार तस्कर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड द्वारा अपराधियों की कमर तोडे के लिए चलाई जा रही विशेष मुहिम के तहत लोनी क्षेत्र की पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम और थाना ट्रॉनिका सिटी प्रभारी निरीक्षक श्रवण कुमार गौतम के नेतृत्व में गठित टीम ने एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय बच्चा तस्करी गिरोह का पदार्फाश किया है, जो शिशुओं को अगवा कर उन्हें देश-विदेश में बेचने का संगठित कारोबार चला रहा था। पुलिस ने इस खतरनाक रैकेट से जुड़े चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों में अफसर (निवासी शामली), नावेद अंसारी (निवासी लोनी), स्वाति उर्फ शाइस्ता पत्नी नसीम (निवासी शामली), और संध्या पत्नी सौरभ (निवासी मुजफ्फरनगर) शामिल हैं। बताया गया है कि शाइस्ता ने हाल ही में एक अगवा किए गए बच्चे को बेचने के लिए संध्या से सौदा तय किया था। यह गैंग न सिर्फ भारत में बल्कि विदेशों में भी सक्रिय था। सूत्रों के मुताबिक यह गिरोह एक हाईटेक और बेहद संगठित नेटवर्क का हिस्सा है, जिसमें कई निजी अस्पतालों के संचालक, डॉक्टर, नर्सें, तथाकथित समाजसेवी, और पेशेवर अपहरणकर्ता शामिल हैं। गिरोह का काम बहुत सिस्टमैटिक तरीके से बंटा हुआ है। कोई बच्चों की तलाश करता है, कोई उनका अपहरण करता है, कोई सोशल मीडिया के जरिए खरीददार तलाशता है और कोई उन्हें बेचने का सौदा फाइनल करता है। जांच में सामने आया है कि बच्चों को अगवा करने के बाद उनकी फोटो, वीडियो और पूरी प्रोफाइल तैयार की जाती है, जिसे विशेष गोपनीय सोशल मीडिया ग्रुप्स पर शेयर किया जाता है। वहां से एजेंट या ग्राहक संपर्क करते हैं और सौदेबाजी होती है। ये सभी काले कारनामे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के जरिए इतने शातिर तरीके से अंजाम दिए जा रहे थे कि इनके पीछे के पूरे नेटवर्क का पता लगाना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती था।

# ग्राम सरना और बसंतपुर सैंतली में अवैध कॉलोनियों पर चला जीडीए का बुलडोजर

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ गुरुवार को कार्रवाई करते हुए ग्राम सरना और बसंतपुर सैंतली में कई बीघों में फैली गैरकानूनी निर्माण गतिविधियों को ध्वस्त कर दिया। यह अभियान प्राधिकरण उपाध्यक्ष के स्पष्ट निदेर्शों पर एवं प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 के नेतृत्व में चलाया गया। ग्राम सरना, पाइपलाइन रोड, मुरादनगर में आजाद पुत्र कल्लू द्वारा खसरा संख्या 1533, 1530, 1308, 1256-58, 1273-75 में लगभग 20 बीघा क्षेत्र में अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इसी प्रकार रविन्द्र सिरोही द्वारा ग्राम नवीपुर में खसरा संख्या 35 पर 8500 वर्ग मीटर क्षेत्र में, पूर्व में बनी सड़कों पर पत्थर डाले जा रहे थे, तथा एक भवन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया था। ग्राम बसंतपुर सैंतली, नवीपुर बम्बा, दुहाई में श्री रविन्द्र द्वारा खसरा संख्या 20 पर लगभग 20000 वर्ग मीटर क्षेत्र में अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। प्राधिकरण की टीम ने यहां सड़कें, बाउंड्रीवॉल, साइट ऑफिस को ध्वस्त कर दिया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान निर्माणकताओं द्वारा भारी विरोध किया गया।

# कोतवाली नगर थाने में पीस कमेटी की बैठक, सौहार्द और समन्वय की अपील

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट एक्शन मोड में है। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस आयुक्त के निर्देशन में कोतवाली नगर थाने पर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सहायक पुलिस आयुक्त रितेश त्रिपाठी ने की। इस अवसर पर नगर क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिक, संभ्रांत व्यक्ति, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और धार्मिक संस्थाओं से जुड़े प्रमुख लोग उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य आगामी त्योहारों के दौरान जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना और आपसी समन्वय को और सुदृढ़ करना था। बैठक के दौरान रितेश त्रिपाठी ने उपस्थितजनों से संवाद स्थापित करते हुए अपील की कि सभी समुदाय आपसी भाईचारे, सौहार्द और समझदारी के साथ त्योहारों को मनाएं। उन्होंने कहा कि त्योहारों की रौनक तभी बनी रहती है जब समाज में शांति और एकता का वातावरण हो। गाजियाबाद पुलिस सभी नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन इसमें जनता का सहयोग भी उतना ही आवश्यक है। सहायक पुलिस आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी अफवाह, भड़काऊ गतिविधि या कानून तोडे की कोशिश पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी लोगों से अनुरोध किया गया कि वे किसी भी सूचना को लेकर पुलिस के साथ तत्परता से सहयोग करें, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# ब्रह्माकुमारी बीके विमला दीदी ने महापौर को बांधी राखी




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** रक्षाबंधन के पावन पर्व की पूर्व संध्या पर ब्रह्माकुमारी लोहिया नगर सेवा केंद्र की बहनों ने गुरवार को महापौर सुनीता दयाल को राखी बांधकर रक्षाबंधन के आध्यात्मिक रहस्य को साझा किया। इस विशेष अवसर पर बीके विमला दीदी, बीके सोनिया दीदी और बीके माधुरी दीदी ने महापौर आवास पर पहुंचकर उन्हें रक्षासूत्र बांधा और उनके मंगलमय जीवन की कामना की। राखी बांधने के साथ ही बीके बहनों ने रक्षाबंधन का गूढ़ आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि यह पर्व केवल बहन-भाई का शारीरिक रिश्ता नहीं, बल्कि आत्मा का आत्मा से जुड़ाव है, जिसमें हम एक-दूसरे की पवित्रता और सुरक्षा का संकल्प लेते हैं। उन्होंने बताया कि राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से आत्मा को सशक्त कर परमात्मा से संबंध जोड ?ा ही असली रक्षासूत्र है। राखी बंधवाने के बाद भावुक होते हुए महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनें रक्षाबंधन को जिस शुद्धता, आत्मिकता और सेवा भाव से मनाती हैं, वह समाज के लिए एक प्रेरणा है। यह रक्षासूत्र केवल सुरक्षा का नहीं, बल्कि सुधार, समर्पण और सेवा का प्रतीक बन जाता है। राखी के साथ बीके बहनों ने महापौर से एक विशेष उपहार मांगा अपनी कोई एक कमजोरी या बुरी आदत ईश्वर को समर्पित करने का संकल्प। यह संदेश सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत बना और समाज में आत्मचिंतन की भावना को जगाया। बीके बहनों ने ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा राजयोग मेडिटेशन, आध्यात्मिक ज्ञान और सामाजिक सुधार अभियानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महापौर ने संस्था की शांतिपूर्ण, पवित्र एवं रचनात्मक गतिविधियों की सराहना की और हर स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बीके संदीप चौहान भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर शांति, एकता और आत्मिक उन्नति के संदेश को समाज में फैलाने का संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय लोकदल ने जिलाधिकारी से की मुलाकात, सौंपा मांग पत्र

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री और किसान नेता भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के नाम पर गाजियाबाद मेरठ तिराहा रैपिड मेट्रो स्टेशन का नामकरण किए जाने की माँग गुरुवार को राष्ट्रीय लोकदल के प्रतिनिधिमंडल ने जोरदार तरीके से रखी। महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर बुके भेंट कर स्वागत किया तथा एडीएम (प्रशासन) को एक औपचारिक मांगपत्र सौंपा, जिसमें स्टेशन का नाम ₹भारत रत्न चौधरी चरण सिंह मेट्रो स्टेशन₹ रखने की अपील की गई। रालोद प्रतिनिधियों ने अपने ज्ञापन में लिखा कि भारत सरकार द्वारा मरणोपरांत भारत रत्न से अलंकृत स्व. चौधरी चरण सिंह जी का गाजियाबाद से गहरा नाता रहा है। उन्होंने अपने प्रारंभिक राजनीतिक जीवन में गाजियाबाद बार एसोसिएशन में वकालत की, यहीं से उन्होंने किसानों की आवाज उठाने का कार्य प्रारंभ किया। गाजियाबाद उनकी कर्मभूमि रही है। मेरठ तिराहा पर स्थित स्व. चौधरी चरण सिंह पुस्तकालय उसी ऐतिहासिक स्मृति से जुड़ा हुआ स्थल है और अब वहीं पर रैपिड मेट्रो स्टेशन भी विकसित किया गया है। महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी ने कहा कि भारत रत्न चौधरी चरण सिंह न केवल किसानों के मसीहा थे, बल्कि एक सिद्धांतवादी, निडर और जमीनी नेता थे। गाजियाबाद की धरती उनके विचारों और संघर्षों की साक्षी रही है। मेरठ तिराहा मेट्रो स्टेशन को उनके नाम से जोडा केवल सम्मान नहीं, बल्कि आने वाली पीढियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत होगा। यह गाजियाबाद के लोगों की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि होगी। दाखिल किए गए ज्ञापन में चौधरी चरण सिंह जी के राजनीतिक जीवन, गाजियाबाद से जुड़ी उनकी स्मृतियों और मेरठ तिराहा की ऐतिहासिकता का उल्लेख करते हुए इस स्थान के नामकरण की माँग को तार्किक, भावनात्मक और ऐतिहासिक आधारों पर प्रस्तुत किया गया। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि वर्तमान और भविष्य की पीढियाँ जब इस मेट्रो स्टेशन से गुजरेंगी, तो उन्हें किसान आंदोलन, स्वराज और चौधरी साहब के सिद्धांतों की याद दिलाई जाएगी।